
हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# सिकुड़ रहा महाराजबंध, सरजूबांधा सरोवर
# किनारे का हिस्सा पाटकर बनाई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर का ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब अब सिकुड़ने लगा है। पहले तालाब के आसपास अतिक्रमण के कारण इसका क्षेत्र सिमटा, फिर तालाब से लगे हिस्से की जमीन पाटकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक एमआर रोड बना दी गई। अब उसी तालाब के एक हिस्से में तीन साल से रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 10 करोड़ का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवा रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण अधूरा पड़ा है। बूढ़ातालाब और महाराजबंध तालाब को उपचारित जल से छलकाने का दावा भी खोखला साबित हुआ। इधर आरडीए कालोनी से लगे सरजूबांधा तालाब किनारे की दलदली वाले हिस्से को नगर निगम ने मलबा पाटकर सड़क बनवा दी। कुल मिलाकर सरोवर धरोहर को सहेजने की जगह समेटने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा।


हरिभूमि सरोकार

## सरोवर धरोहर को लगा ग्रहण

### सरजूबांधा तालाब का एक छोर पाटकर बना रहे सड़क

सरजूबांधा तालाब में लगातार मलबा डालकर तालाब पाटने को लेकर लोगों ने नाराजगी जताते हुये इसकी शिकायत निगम प्रशासन से की है। तालाब के आसपास अतिक्रमण होने से तालाब का रकबा सिमटने लगा है। इससे न केवल तालाब का जलस्तर घट रहा है, बल्कि लोगों को इस बात की चिंता सता रही है कि यदि यही हाल रहा, तो आसपास के इलाके में पानी की किल्लत हो सकती है।

## तालाब को छलकाने 10 करोड़ का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 3 साल से अधूरा





### दलदली वाले हिस्से में बना रहे रोड

सरजूबांधा तालाब की जमीन ट्रेस कर दलदली वाले हिस्से में मिट्टी डालकर रोड बना रहे हैं। इसके साथ ही पचरी बनाई जायेगी। महाराजबंध तालाब का जो हिस्सा पाटा गया है, वह निजी जमीन है, वहां बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है, वहां पानी नहीं है।

- **रमेश जायसवाल,** कमिश्नर जोन क्रमांक 6, नगर निगम रायपुर

### तालाब की जमीन पर तान दी बाउंड्रीवाल, मलबा डालकर पाट रहे

नगर निगम रायपुर के जोन 6 क्षेत्र स्थित महामाया मंदिर वार्ड में ऐतिहासिक व प्राचीन महाराजबंध तालाब से लगी जमीन को पाटकर वहां प्रीकॉस्ट की दीवाल खड़ी कर दी गई है। तालाब के एक हिस्से में मलबा डालकर पाट दिया गया। जिला प्रशासन और नगर निगम की नाक के नीचे यह काम हुआ, पर जिम्मेदारों ने तालाब को सुरक्षित रखने तत्परता नहीं दिखाई। एक ओर जहां तालाब की चौड़ाई कम हो रही है, वहीं तालाब की देखरेख में कोताही के कारण जल स्तर सूखने लगा है। विदित हो कि महाराजबंध तालाब सौंदर्यीकरण और तालाब में मिलने वाले 3 नाले-नालियों के गंदा पानी को सीधे तालाब में गिरने से रोकने और उसका उपचार कर बूढ़ातालाब और महाराजबंध तालाब में छोड़ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने प्रोजेक्ट लाया। पुणे की एजेंसी को इस कार्य का ठेका दिया गया। अनुबंधित एजेंसी 3 साल बाद भी एसटीपी का कार्य पूरा नहीं कर पायी। जलकुंभी की चपेट में आये तालाब की सफाई नहीं होने से तालाब का पानी दूषित हो चला है। आसपास के रहवासियों का कहना है कि महाराजबंध तालाब का पानी पहले इतना साफ होता था कि तालाब की तलछटी का हिस्सा चमक जाता था। अब उसी तालाब की हालत ये है कि तालाब का एक हिस्सा सूखने लगा है।

# धोखेबाजों से आगे माशिम... परीक्षा में पास कराने संबंधित मैसेज से पहले ही अलर्ट जारी

- 26 मार्च से प्रारंभ हो चुका है दसवी-बारहवीं का मूल्यांकन कार्य
- बीते सत्र में पास कराने के नाम पर पैसे उगाही की हुई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार धोखेबाजों से आगे निकल गया है। छात्रों को फोन करके पास कराने का झांसा देने संबंधित शिकायतें आने से पहले ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अलर्ट जारी कर दिया है। छात्रों और पालकों के लिए जारी किए गए नोटिफिकेशन में माशिम ने कहा है कि उसके द्वारा पैसे लेकर किसी भी विद्यार्थी को उत्तीर्ण नहीं किया जाता। यदि इस तरह के फोन किसी भी छात्र अथवा पालक के पास आते हैं, तो यह फ्रॉड है। इस तरह के फोन आने पर थाने में सूचित करने कहा गया है।

पिछले शैक्षणिक सत्र में कई छात्रों के पास ऐसे फोन कॉल्स आए थे, जिसमें उनके कहा गया ⏭ शेष पेज 12 पर

### फोन नंबर कहां से लीक?

कई वर्षों से इस तरह की शिकायत आने के बाद भी माशिम यह पता नहीं लगा सका है कि छात्रों की जानकारी और फोन नंबर जालसाजों को कहां से मिलते हैं? माशिम ने अब तक इस पर किसी तरह की जांच भी नहीं बैठाई है। छात्रों द्वारा 10वीं-12वीं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान अपना मोबाइल नंबर दिया जाता है। इन्हीं नंबरों पर छात्रों अथवा पालकों को ठग फोन करके पैसों की मांग करते रहे हैं।

## रायपुर में टूटा रजिस्ट्री का रिकार्ड

# एक वर्ष में 46589 हुई रजिस्ट्रियां 829 करोड़ से अधिक की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्तियों की रिकार्ड रजिसट्रियां हुई हैं। इस बार सालभर में सिर्फ रायपुर पंजीयन कार्यालय में 46589 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 829 करोड़ 29 लाख रुपए के करीब आय हुई है। इसके अलावा नवा रायपुर, अभनपुर, आरंग एवं तिल्दा ब्लॉक में कुल 19493 रजिसट्रियां हुई हैं, जिससे लगभग तीन करोड़ से ज्यादा आय हुई है। इस तरह पूरे जिले में 66082 रजिसट्रियां हुई ⏭ शेष पेज 12 पर

### पिछले वर्ष की तुलना इस बार ज्यादा रजिस्ट्री

वर्ष 2023-24 में जिले में लगभग 51 हजार रजिस्ट्री हुई थी, वहीं वर्ष 2024-25 में 66 हजार रजिस्ट्री हुई हैं। इस तरह इस बार करीब 15 हजार रजिस्ट्री ज्यादा हुई है।


### इस बार ज्यादा रजिस्ट्री, टारगेट भी पार

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ज्यादा रजिस्ट्री हुई है। आय भी टारगेट से ज्यादा हुआ है। अंतिम तारीख को सबसे ज्यादा रजिस्ट्री के साथ आय हुई है।

- **विनोज कोचे,** मुख्य पंजीयक रायपुर







## खबर संक्षेप

### पांच आईएफएस पीसीसीएफ के पद पर पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन ने पांच अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भारतीय वन सेवा) को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के तौर पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में कौशलेन्द्र कुमार, आलोक कटियार, अरुण कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार मिश्रा और प्रेम कुमार शामिल हैं।

### ई-वे बिल की सीमा 1 लाख तक बढ़ी, पेट्रोल हुआ सस्ता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों और मध्यवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए दो अहम निर्णय लागू किए हैं, जो आज से प्रभावी हो चुके हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशानिर्देश पर इन निर्णयों को बजट में शामिल किया गया था। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई-वे बिल की सीमा रुपए 50,000 से बढ़ाकर रुपए 1 लाख कर दी है। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से व्यापारियों को रुपए 1 लाख तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में अब ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी। निर्णय से राज्य में ई-वे बिल जनरेट करने वाले लगभग 26 प्रतिशत व्यापारियों को ई-वे बिल जनरेट करने से मुक्ति मिलेगी। निर्णय से ई-वे बिल जनरेशन में 54 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे अनुपालन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### उत्कल दिवस पर भिड़े भाजपा नेता, समाज के उत्थान से ज्यादा वर्चस्व पर ध्यान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में उत्कल समाज के बहुत सारे लोग निवास करते हैं। यहां पर वर्षों से समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। समाज के लोग इस दिन को विशेष रूप सेलिब्रेट करते हैं। इसी क्रम में बीटीआई मैदान पर भाजपा महामंत्री ने एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के संबंध में क्षेत्रीय विधायक को जानकारी हुई, तो उन्होंने कहा, मेरे क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है और मुझे ही जानकारी नहीं दी गई। भाजपा संगठन के प्रदेश मंत्री ने दो टूक कह दिया कि हर कार्यक्रम की सूचना देना जरूरी नहीं है। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई। समाज के लोगों का कहना है कि समाज में कमजोर तबके के लोग भी निवास करते हैं।

### बोर खनन पर 15 जुलाई तक रोक कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** गर्मी के दिनों में भू जल स्तर कई फीट नीचे चला जाता है, वहीं नदी-जलाशय, तालाब, कुंओं का जल स्तर भी तेजी से घटता है। ऐसे में अभी भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बोर का खनन धड़ल्ले से जारी है। कलेक्टर गौरव सिंह ने गर्मी के दिनों में किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या की स्थिति न बने, इसे ध्यान में रखते हुए गर्मी सीजन में 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक बोर खनन पर रोक लगा दी है।

---


आयोजन : महापुरूषों की जीवनी को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कर्मा रथ का किया जा रहा संचालन

# परिणय सूत्र में बंधने वाले नव दंपतियों को विधायक साहू ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर







परिक्षेत्र साहू समाज एवं नगर साहू समाज के तत्वाधान में 25 मार्च को मां कर्मा मंदिर अभनपुर से मां कर्मा रथ का शुभारंभ होकर क्षेत्र के सभी गांवों में भ्रमण करते हुए 31 मार्च को रथयात्रा का समापन अभनपुर बस्ती में किया गया। जिसमें आदर्श विवाह का आयोजन भी रखा गया था। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक चन्द्रशेखर साहू आदि प्रमुख सामाजिक नेताओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने समाज के लोगों को संबोधित करते कहा कि हमारे विधानसभा के लगभग सभी परिक्षेत्रों में माता कर्मा रथ का संचालन किया जा रहा है, माता कर्मा, माता राजिम, दानवीर भामाशाह आदि महापुरूषों के जीवनी को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कर्मा रथ का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2006 में कर्मा रथ यात्रा का अभनुपर परिक्षेत्र मे शुभारंभ किया गया था। उस समय कई लोग कर्मा माता की जय बोलते थे साथ ही विश्वकर्मा माता की जय बोलते थे उस दरमियान लोगों को कर्मा माता, विश्वकर्मा माता मे अंतर पता नहीं था लगातार कर्मा माता के रथ यात्रा से लोगों में जागरूकता आई है।

#### दानवीर भामाशाह का देश की आजादी में बड़ा योगदान

आज स्थिती यह है कि साहू समाज ही नहीं बल्कि अन्य समाज के लोग भी इस रथ यात्रा में भाग लेते हैं। कर्मा माता अपने भक्ति-भाव से भगवान जगन्नाथ को प्रसन्न कर अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई थी। माता राजिम भी अपने भाव-भक्ति से प्रसन्न किया जिससे भगवान विष्णु ने आशीर्वाद दिया है कि मेरे नाम से पहले माता राजिम का नाम आयेगा, दानवीर भामाशाह जिनका देश की आजादी में बड़ा योगदान है उन्होने महराणा प्रताप को अपना सबकुछ समर्पित कर दिया हम सब इस जंयती के माध्यम से गौरव पूर्ण इतिहास को याद करते है, समाज में एकरूपता बनी रहे यही प्रयास हम सब सामाजिकजनों का रहता है। हमारे लिए गौरव की बात है कि देश के प्रधानमंत्री गुजरात के तेली वंश से आते है जिनका डंका पूरे विश्व में है यह हमारे समाज को गौरवान्वित करने वाली बात है। हम अपनी समाज की गौरव को जाने, इतिहास को पहचान कर सामाजिक प्रक्रिया मे आगे बढ़े।

#### न्याय व्यवस्था के साथ चले तभी समाज का विकास होगा

समाज में न्याय व्यवस्था के साथ ही रचनात्मक गतिविधियां भी चलनी चाहिए तभी समाज का विकास होगा। समाज की सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती है, मैने 24 वर्षों से समाज के बीच में रहकर सेवा किया हूं एक छोटे से कार्यकर्ता को माता कर्मा व समाज के आशीर्वाद से विधायक बनने का अवसर मिला है। हम सब एक मंच में बैठकर सामाजिक समरसता व भाईचारा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। हमारे समाज की उन्नति व तरक्की होगी। कार्यक्रम परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष भोज राम साहू, तहसील अध्यक्ष ब्रम्हानंद साहू, नगर साहू समाज अध्यक्ष डोमेन्द्र साहू, रूपनारायण साहू, मीना साहू, पवन गुरूपंच, रघुवर साहू, टेकचंद साहू, हेमलता साहू, तुलसीराम साहू, दीनानाथ साहू, रामसिंग साहू, देवनाथ साहू, खेलू राम साहू, बीरेन्द्र साहू, रामचंद साहू, दुलारी बाई साहू, जगदीश साहू, युगल किशोर साहू, ओमकार साहू, राघवेन्द्र साहू, डॉ. सुखदेव साहू, नेतराम साहू, नकुल राम साहू, बेनीराम साहू, छबिराम साहू आदि बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# कुर्मी क्षत्रिय समाज की रायपुर में बाइक रैली 10 अप्रैल को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 79 वें महाअधिवेशन आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इनडोर स्टेडियम में संपन्न होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए रायपुर नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ में बैठकों का दौर जारी है, इसी क्रम में मोवा परिक्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 10 अप्रैल को जनजागरण एवं सदभावना बाइक रैली जो मोवा से निकलकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए इनडोर स्टेडियम पहुंचेगी।

जिसमें समाज के वर्तमान एवं पूर्ण पार्षद सहित एक हजार प्रतिभागी सम्मलित होंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 13 अप्रैल कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से होगी, जिसमें 500 कलश के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल इनडोर स्टेडियम रायपुर तक कलश यात्रा पहुंचेगी। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवा एवं महिला सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह, समाज के विभिन्न प्रकार के नियमों में संशोधन,सामाजिक जागरण, अतिथियों का मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न पदाधिकारी को जवाबदारी सौंपी गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद बघेल, केंद्रीय महिला प्रमुख सरिता बघेल, राज प्रधान रायपुर राज जागेश्वर वर्मा, राज मंत्री बृजराज वर्मा, सचिव सुनील नायक, युवा अध्यक्ष आलोक टिकरिहा, केंद्रीय सदस्य सुरेश वर्मा, महिला महामंत्री श्रद्धा नायक, क्षेत्र प्रधान सोहन वर्मा ,दलदल सिवनी प्रमुख अशोक वर्मा, सद्दू इकाई प्रमुख रूप नारायण वर्मा, पंडरी प्रमुख नारायण वर्मा, गांधीनगर प्रमुख गुड्डू वर्मा, खम्हारडीह प्रमुख ज्योत्सना वर्मा, जेपी वर्मा, हरीश वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, विश्वजीत वर्मा, लक्ष्मीनाथ वर्मा, राधा रमन वर्मा, विजय वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, अन्य पदाधिकारी सहित 55 सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---



# 67 मदिरा दुकान खोलने का विरोध

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के द्वारा 67 शराब दुकान खोलने का विरोध पंडित दिनदयाल उपाध्याय चौक मे किया गया। जहां पदाधिकारियों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार एवं वर्तमान सरकार के शराब कि नदिया बहांई जा रही है। छत्तीसगढ़ के धान के कटोरा को दारू का कटोरा बनाया जा रहा जिसमें छत्तीसगढ़ के लोगों का ही नुकसान है। शराब के कारण ही अपराध बढ़ रहें, चोरी, लुटपाट, हत्या जैसे मामले प्रदेश में बढ़ रहें। घरेलू हिंसा का मामला अन्य प्रदेश से अधिक है, सड़क दुर्घटना में तेजी आयी है, छोटे -छोटे बच्चे गलत रास्ते में जा रहे हैं, जिसका मुल कारण शराब ही है और सरकार इसे बढ़ावा दे रही है, जिसके कारण प्रदेश की स्थिति दयनिय है। वहीं छत्तीसगढ़ में बिहार तिहार के बाद ओडिया तिहार सरकार के द्वारा मनाया जा रहा है जिसका भी विरोध किया जा रहा है। इस विरोध में योगेश साहू, तेजराम देवांगन, दीपक वर्मा, सोनू साहू, अविराज साहू, राकेश साहू, डामन साहू, मांगसिंग साहू, कमलेश साहू, साजन निषाद, टेकराम साहू, अजय साहू, केवल साहू, डामन साहू सीताराम साहू उपस्थित थे।

# सिलतरा से धरसींवा तक दर्जनों गांवों में वायु प्रदूषण चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से प्रदेश में लगातार औद्योगीकरण की रफ्तार तेज हुई। जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ तेजी से उभरते राज्यों की लिस्ट में शामिल हुआ लेकिन इस उपलब्धि ने एक अभिशाप हमें दिया। सिलतरा से धरसींवा तक लगभग दर्जन भर गांवो में फैक्ट्री की काली धुंए और जहर उगलती प्रदूषण व हवा जहरीली होती जा रही है। यहां वायु प्रदूषण चरम पर पहुंच चुका है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी से लगे इस उद्योग क्षेत्र जहां तथाकथित जिम्मेदारों के लिए भले ही चारागाह बन गया हो मगर क्षेत्र के गांवों में यह वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। पिछले 25 वर्ष पूर्व सिलतरा, साकरा, सौन्दरा, टाढ़ा धरसींवा सहित क्षेत्र में उद्योग क्रांति की शुरुवात तो हुई थी मगर क्षेत्र के किसानों और रहवासियों के लिए यह अभिशाप साबित हो रहा है। हालांकि यह उद्योग क्षेत्र जहां जनप्रतिनिधियों और दलालों के लिए भले ही वरदान और चारागाह साबित हो रही हो मगर ग्रामीणों को जहरीली धुंए, बाहरी तत्वों की गुंडागर्दी के साथ स्थानीय युवकों को बेरोजगारी का दंश झेलनी पड़ रही है। डॉक्टर विकास तिवारी बीएमओ धरसींवा ने कहा की गर्मी बढ़ने के साथ -साथ वायु प्रदूषण भी क्षेत्र में बढ़ गया है जो आम जन मानस के लिए घातक ही साबित हो रहा है। वहीं अस्पताल में इन दिनों चर्म रोग और दमा के मरीज ज्यादा आ रहे हैं।

# शासकीयकरण को लेकर सचिव जंतर मंतर दिल्ली में करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



विकासखंड अभनपुर के ग्राम पंचायत सचिव जनपद पंचायत मुख्यालय के सामने एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चित हड़ताल पर है, हड़ताल पर बैठे ग्राम पंचायत सचिव ने कहा कि पंचायत सचिव विगत 30 वर्षो से पंचायत में सेवारत है, चुनाव के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा मोदी गारंटी के रूप मे शासकीय करण करने का वादा किया गया था, मोदी गारंटी को पूरा किए जाने के संबंध में 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम मे मुख्यमंत्री व मंत्रीयों द्वारा शासकीयकरण करने का भरोसा लेते हुए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा की गई थी, 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा समिति का गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया था, उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिव के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है जिस पर पूर्ण भरोसा था कि आने वाले बजट सत्र मे शासकीयकरण की सौगात प्रदान की जायेगी लेकिन इस विषय पर कोई पहल नहीं की गई इसके चलते पूरे प्रदेशभर के पंचायत सचिव क्षुब्ध हो कर हड़ताल पर बैठे है। पंचायत सचिवों ने इस बार आर पार की लड़ाई के मूड में है मांग पूरी नहीं होने की स्थिती में जंतर मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चितकालिन हड़ताल पर बैठने की योजना तैयार की जा रही है। धरने पर शेषनारायण साहू, रामनारायण साहू, द्वारिका साहू, रमेश साहू, उदयराम साहू, शंभूराम साहू, रामनारायण बारले, नारद साहू, तोषणी साहू, नकूल राम निषाद, हेमेन्द्र वैष्णव, अनुराग ठाकुर, दयाराम कुर्रे, जुगलकिशोर राय, यशवंत कुर्रे, हेमूचंद साहू, धमेन्द्र वर्मा, लीला साहू, प्यारेलाल रात्रे, शोभाराम साहू, उमेश शर्मा, अनुराधा साहू, सुरसेन साहू, मुकेश साहू, घनश्याम साहू, भुवन निर्मलकर, प्रीतम कामड़े, मोहन यादव, शत्रुहन चतुर्वेदानी, घनश्याम साहू, द्वारिका नाथ बघेल, रामचंद तारक, चन्द्रहास साहू सहित सचिव संघ के सदस्य गण मौजूद रहे।

# साहू समाज की महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के ग्राम ताराशिव में साहू समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार, इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य देवी भक्त कर्मा माता की भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सन्त शिरोमणि भक्त कर्मा माता की मन्दिर निर्माण, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा किया गया। संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती के पावन पर्व पर साहू समाज के महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ भजन कीर्तन मंडली द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। भोग भंडारा एवं जय महामाया बालिका जसगीत, निर्मल मानस मंडली धमधा (सगुनी) द्वारा रामायण की प्रस्तुति की गई। जिसमें साहू समाज के स्वजाति बंधुगण, भक्तगण, आयोजक गण एवं समस्त ग्राम वासियों ने तन मन धन से सहयोग देकर भक्त माता कर्मा की जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर बहोरन साहू, भूषण साहू, डॉ. शिव साहू, बुधु राम साहू, दूज राम, नंदकुमार साहू, ईश्वर साहू, गोपाल साहू, टीकाराम, रोम सिंग साहू, बुलाकी, रिखी, रामचरण, संतोष, डोमार साहू, महेश्वरी, उमा, उषा साहू, पुष्पा, उमेश्वरी, केजा साहू, हेमलता साहू, सरोजिनी, बसंती, ममता साहू सहित काफी संख्या में साहू समाज के तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# मंडल, जिलों के बाद ही बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के भाजपा संगठन में बूथों, मंडलों, जिलों से लेकर प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अब कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ हो गई है। पहले चरण में मंडलों में कार्यकारिणी बनाई जा रही है। इसके बाद जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नई टीम का गठन होगा। अंत में प्रदेश संगठन की नई टीम बनेगी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का कहना है, मंडल और जिलों के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। नई कार्यकारिणी में जो भी बदलाव जरूरी होगा किया जाएगा। मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी बदलाव होगा। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

#### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। जिलों में कार्यकारिणी बनने के बाद प्रदेश की टीम बनाई जाएगी।

#### होंगे कई बदलाव

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं।

---

भूपेश ने कहा, कांग्रेस सरकार के समय नक्सली घटनाओं में आई थी 80 प्रतिशत कमी

# साय सरकार ने किया प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय को अंधेरे में रखकर कोरबा में विद्युत मंडल के 1320 मेगावाट के दो संयंत्रो का शिलान्यास करवाया। दोनों पावर प्लांट का शिलान्यास कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। उस समय भूमि पूजन के पहले केंद्र की अनुमति ली थी, टेंडर हुआ था। फिर से उसी का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी से करवा कर प्रधानमंत्री जैसे पद की गरिमा को गिराने वाला काम साय सरकार ने किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने जिन तीन लाख आवासों की चाबी सौंपने का काम किया, उसकी पहली किस्त भी हमारी सरकार ने डाली थी। फिर इनका अपना क्या काम था? 18 लाख आवास की बातें करते हैं, लेकिन अभी तक नया कोई मकान स्वीकृत नहीं किया है। नक्सलवाद पर पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुये उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन काल के 5 सालो में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत कमी आई थी। 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त हुये थे, दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये, वहां पर रोजगार के साधन पैदा किए। सड़क बनाई, अबूझमाड में तीन पुल बनाये, अस्पताल, स्कूल बनाये, जिसके कारण लोगों का भरोसा हमने जीता था।

**हर विधानसभा में शराब की 8 दुकानें** - उन्होंने कहा, सरकार शराब सस्ती कर लोगों को शराबी बना रही। नई 67 दुकानें खोल रहे, जबकि ज्यादा दुकानें हैं। अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी बेच रहे। जहां देशी शराब दुकान थी, वहां अंग्रेजी शराब बेचना शुरू कर दिये। प्रीमियम के लिये अलग दुकानें खोली जा रही हैं। 700 का डबल मतलब 1400 और 66 दुकान खोली जा रही हैं। एक ही विधानसभा में 8 दुकान खोली जा रही है। शराब दुकान 2 किलोमीटर के अंदर खोली जा रही है।

निर्माण कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन

# नक्सल प्रभावित जिलों में जिला निर्माण समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्माण समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समिति के माध्यम से रूपये 10 करोड़ तक का कार्य कराया जा सकेगा। इसी तारतम्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला निर्माण समिति के गठन के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है। यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर रहेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे।

#### सक्षम तकनीकी अधिकारी करेंगे पर्यवेक्षण

*निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं को स्वीकार करने से पहले दरों की उचितता के बारे में खुद को संतुष्ट करेगा। दरों की उचितता का आंकलन मुख्य रूप से उचित दरों के आधार पर किया जाएगा, निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं पर निर्णय लेते समय पिछले तीन महीनों की अवधि के भीतर बुलाए गए कार्यों की समान प्रकृति की निविदाओं की दरों का उल्लेख कर सकता है।*

#### कार्य क्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा कार्यक्षेत्र

कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे अत्यावश्यक तथा अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जायेगा। स्थानीय निधि जैसे की डीएमएफ/सीएसआर इत्यादि मद से कराए जाने वाले कार्यों में भी सर्वप्रथम कार्य एजेंसी जैसे की पीडब्लूडी/ आरईएस/पीएमजीएसवाई इत्यादि को ही क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया चाहिए ना की जिला निर्माण एजेंसी को। इन एजेंसी के द्वारा अगर कार्य निष्पादन नहीं हो पाता है, लगातार 3 बार निविदा में कोई भाग नहीं लेता है।

**मेडिकल सहित अन्य भत्ता का भुगतान चेक से होगा**

# मुख्यमंत्री, मंत्री सहित विधायकों को वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल सहित सभी विधायकों के वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन कर दिया गया है। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से इन सभी माननीयों को उनके वेतन उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे।

इससे पहले इन सभी को चेक के माध्यम से वेतन का भुगतान किया जाता था, लेकिन नए वित्तीय वर्ष में वेतन का भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है। वेतन को छोड़कर निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, बीमारी सहित अन्य भत्ता का भुगतान ऑफलाइन यानी चेक से ही किया जाएगा। इसे ऑनलाइन नहीं किया गया है। ट्रेजरी विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के समस्त विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को उनके पद के अनुसार दिए जाने वाला मासिक वेतन का भुगतान एक अप्रैल से ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके तहत अब मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों को वेतन उनके द्वारा खुलवाए गए संबंधित जिले के बैंक खाते में ट्रेजरी विभाग के माध्यम से संबंधित बैंक से ट्रांसफर होगा।

सूत्रों का यह भी कहना है कि वेतन के अलावा दूसरे सभी प्रकार के भुगतान ऑफलाइन यानी चेक के माध्यम से ही होंगे। इसमें बीमारी भत्ता, निर्वाचित क्षेत्र भत्ता सहित अन्य शामिल है।



### मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सहित कुछ मंत्रियों के खाते भी रायपुर में

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कुछ पूर्व नए एवं पूर्व मंत्रियों व विधायकों के खाते भी रायपुर में ही खुले हुए हैं। इन सभी को मिलने वाला मासिक वेतन का भुगतान ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से होगा।

### इस तरह से होगा भुगतान

अभी तक ट्रेजरी विभाग से संबंधित बैंक के माध्यम से माननीयों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था। नई व्यवस्था से अब चेक के स्थान पर सीधे बैंक से उनके खातों में वेतन ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए ट्रेजरी विभाग ने संबंधित बैंक को उनके बैंक खाता नंबर से लेकर वेतन संबंधित सभी जानकारी का परीक्षण कर सूची भिजवा दी गई है।

### तय तारीख को ट्रांसफर होगी राशि, समय भी बचेगा

चेक से भुगतान होने के बाद माननीयों के बैंक खाते में वेतन की राशि आने में लगभग दो दिन से लेकर सप्ताहभर तक का समय लग जाता था। बैंक से डायरेक्ट उनके खाते में वेतन की राशि हर महीने तय तारीख को ट्रांसफर हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी और उनको भी वेतन जल्द और समय पर मिलेगा।

---

## खबर संक्षेप

### पांच आईएफएस पीसीसीएफ के पद पर पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन ने पांच अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भारतीय वन सेवा) को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के तौर पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में कौशलेन्द्र कुमार, आलोक कटियार, अरुण कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार मिश्रा और प्रेम कुमार शामिल हैं।

### ई-वे बिल की सीमा 1 लाख तक बढ़ी, पेट्रोल हुआ सस्ता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों और मध्यवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए दो अहम निर्णय लागू किए हैं, जो आज से प्रभावी हो चुके हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशानिर्देश पर इन निर्णयों को बजट में शामिल किया गया था। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई-वे बिल की सीमा रुपए 50,000 से बढ़ाकर रुपए 1 लाख कर दी है। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से व्यापारियों को रुपए 1 लाख तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में अब ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी। निर्णय से राज्य में ई-वे बिल जनरेट करने वाले लगभग 26 प्रतिशत व्यापारियों को ई-वे बिल जनरेट करने से मुक्ति मिलेगी। निर्णय से ई-वे बिल जनरेशन में 54 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे अनुपालन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### उत्कल दिवस पर भिड़े भाजपा नेता, समाज के उत्थान से ज्यादा वर्चस्व पर ध्यान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में उत्कल समाज के बहुत सारे लोग निवास करते हैं। यहां पर वर्षों से समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। समाज के लोग इस दिन को विशेष रूप सेलिब्रेट करते हैं। इसी क्रम में बीटीआई मैदान पर भाजपा महामंत्री ने एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के संबंध में क्षेत्रीय विधायक को जानकारी हुई, तो उन्होंने कहा, मेरे क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है और मुझे ही जानकारी नहीं दी गई। भाजपा संगठन के प्रदेश मंत्री ने दो टूक कह दिया कि हर कार्यक्रम की सूचना देना जरूरी नहीं है।

---

### विभागों ने बजट का 33.86 प्रतिशत राशि नहीं किया खर्च

# बीते साल के बजट का ऐसा हाल, किसी ने आधा भी खर्च नहीं किया, किसी ने बचाए 300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीते वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ शासन के विभागों को दिए गए कुल बजट में से विभाग केवल 33.86 प्रतिशत ही खर्च कर पाए। वहीं कई विभागों ने कुल आवंटित बजट में से आधा भी खर्च नहीं किया। कई विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने पूरे बजट का उपयोग करते हुए उससे अधिक खर्च किया। कुछ विभागों की बचत राशि 100 से 300 रुपए तक ही रही। अधिकतर विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने एक तिहाई बजट भी खर्च नहीं किया। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद शासन की वेबसाइट पर विभागीय बजट आवंटन और वितरण के आंकड़े जारी किए गए हैं। जारी आंकड़े में विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक किए गए खर्च और बचत राशि का विवरण दिया गया है। सभी विभागों के हेड वाइस जारी खर्चों को देखें, तो पता चलात है कि राज्य शासन ने 1 लाख 88 हजार 465 करोड़ 29 लाख को बजट जारी किया था। बजट में से विभागों को 1 लाख 40 हजार 783 करोड़ 40 लाख 30 हजार 24 रुपए वितरण किया गया। जारी की गई राशि में से 47 हजार 681 करोड़ 85 लाख 69 हजार 985 रुपए खर्च नहीं कर पाए। अर्थात विभागों ने केवल 66.14 प्रतिशत राशि का ही उपयोग किया।

■ कुल आवंटित बजट का 66.14 प्रतिशत रुपए खर्च



### इनका प्रदर्शन रहा अच्छा

जारी आंकड़ों को देखा जाए, तो विभागों के हेड वाइस बजट आवंटन में ऊर्जा विभाग के सचिव को आवंटित 11 हजार 184 करोड़ 79 लाख रुपए से अधिक के आवंटन में शत प्रतिशत खर्च किया गया। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को आवंटित 3006 करोड़ 41 लाख से अधिक के आवंटन में से मात्र 300 रुपए ही शेष हैं। वहीं संचालक पर्यटन विभाग को आवंटित 315 करोड़ 54 लाख से अधिक के आवंटित बजट में से मात्र 100 रुपए शेष हैं। इन विभागों ने अपने बजट का पूरा उपयोग किया हैं।

### निर्माण विभागों ने किए 90 से 72 प्रतिशत खर्च

*लोक निर्माण विभाग को बजट में कुल 10 हजार 541 करोड़ 80 लाख का बजट आवंटन मिला। इसमें से 8 हजार 627 करोड़ 98 लाख रुपए खर्च कर पाया। विभाग 1 हजार 913 करोड़ 82 लाख रुपए खर्च नहीं कर पाया। विभाग ने 81 प्रतिशत बजट का उपयोग किया। मुख्य अभियंता जल संसाधन को कुल 3392 करोड़ 43 लाख से अधिक बजट दिया गया था। उसमें से 3072 करोड़ 79 लाख ही खर्च कर पाया, लगभग 319 करोड़ से अधिक राशि बच गई। यहां 90 प्रतिशत बजट का उपयोग किया गया। इसी प्रकार लो स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवंटित 5059 करोड़ 40 लाख रुपए से अधिक 3666 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च हुए 1392 करोड़ रुपए र्चा नहीं हो पाए। इस प्रकार विभाग में 72 प्रतिशत राशि का उपयोग किया गया।*

### इन विभागों में हुआ बजट से अधिक खर्च

जारी आंकड़े को विश्लनेषण करने पर यह पाया गया कि डेढ़ दर्जन विभाग ने विभिन्न मदों में कुल मिले बजट से अधिक राशि खर्च किया। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत प्रोटोकॉल अधिकारी को आवंटित 4 करोड़ 26 लाख 10 हजार से अधिक बजट में से 4 करोड़ 27 लाख से अधिक खर्च किया गया। सचिव लोक सेवा आयोग को 29 करोड़ 82 लाख का बजट आवंटन किया गया इनमें से 29 करोड़ 91 लाख रुपए खर्च होना बताया गया है। अन्य मद जिसमें बजट से अधिक खर्च किया गया उनमें सचिव राज्यपाल, डीजी प्रशासन अकादमी, सैनिक कल्याण, रजिस्टार फर्म एवं सोसाइटी, अधीक्षक स्टेट गैरेज, नियंत्रक नापतौल, नियंत्रक प्रिटिंग एवं स्टेशनरी, विमानन, और संचालक मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य विभाग के मद शामिल हैं।

### वन्य प्राणी संरक्षण में 62 करोड़ का उपयोग नहीं

जारी आंकड़े में खाद्य विभाग को 10 हजार 504 करोड़ से अधिक का बजट मिला, विभाग ने इसमें से 10 हजार 423 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 99 करोड़ 5 लाख का बजट आवंटन मिला इसमें से 74 करोड़ 7 लाख से अधिक खर्च किया गया। विभाग 24 करोड़ से अधिक राशि का उपयोग नहीं कर पाई। वन संरक्षक वन्य प्राणी के लिए आवंटित बजट 278 करोड़ से अधिक का था, इसमें से 215 करोड़ 48 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। करीब 62 करोड़ की राशि का उपयोग नहीं कर पाया।

---

**नया बजट लागू**

# वित्त ने विभागों को समझाया कैसे खर्च करनी है रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 एक अप्रैल से प्रभावशील हो गया है। वित्त विभाग ने इस बजट आवंटन की संसूचना देते हुए विभागों को समझाया है कि उनके विभाग के बजट में आवंटित राशि किस तरह खर्च करना है। वित्तीय वर्ष के 12 महीनों में पहले छह माह में कितनी राशि खर्च की जाएगी और बाद के छह महीनों में किस प्रकार बची राशि खर्च करना है।

### वित्त ने जारी किया ये निर्देश

वित्त विभाग ने विभागों को बताया है कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कुल बजट प्रावधान का 40 प्रतिशत खर्च करना होगा जिसमें पहली तिमाही में 25 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत राशि खर्च की जाएगी। दूसरी छमाही में कुल बजट प्रावधान का 60 प्रतिशत व्यय किया जाएगा। जिसमें से तृतीय तिमाही में 25 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 35 प्रतिशत खर्च किया जाएगा। जट आवंटन की सर्वर में 3 किस्तों में यानी पहली छमाही तथा द्वितीय छहमाही के लिए ही की जाएगी न कि प्रत्येक तिमाही के लिएष व्यय की सीमा तिमाही के लिए ही रहेगी और व्यय की मॉनिटरिंग वित्त विभाग द्वारा तिमाही के आधार पर की जाएगी।

### अंतिम माह मार्च में 15 प्रतिशत ही खर्च

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह यानी मार्च में व्यय की अधिकतम सीमा कुल बजट प्रावधान का 15 प्रतिशत तक होगी। पहली छमाही में निर्धारित सीमा से कम व्यय करने की स्थिति में बचत राशि 50 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में व्यय के लिए अग्रेषित (कैरी फारवर्ड) की जा सकेगी, जिसका उपयोग तृतीय तिमाही में करना अनिवार्य होगा। इसके लिए विभागों निर्धारित सीमा से कम व्यय का औचित्य स्पष्ट करते हुए वित्त विभाग से सहमति प्राप्त करनी होगी। बचत की शेष राशि आवश्यकता के आधार पर अन्य विभागों को आवंटित की जाएगी।

### केंद्रीय योजनाओं पर ये लागू नहीं होगा

वित्त विभाग ने बताया है कि कतिपय केंद्रीय योजनाओं में अंतिम किस्त मार्च के महीने में प्राप्त होती है। इसीलिए ऐसे प्रकरणों में वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में व्यय के लिए निर्धारित सीमा लागू नहीं होती।

---

## कुर्मी समाज का जनजागरण और सद्भावना बाइक रैली 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 79वां महाधिवेशन आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए रायपुर नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को मोवा परिक्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 10 अप्रैल को जनजागरण एवं सद्भावना बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली मोवा से निकलकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी। रैली में समाज के वर्तमान एवं पूर्व पार्षद सहित एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 13 अप्रैल को शुभारंभ कलश यात्रा से होगा, जिसमें 500 कलश के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल इंडोर स्टेडियम रायपुर तक कलश यात्रा पहुंचेगी। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवा एवं महिला सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह, समाज के विभिन्न प्रकार के नियमों में संशोधन, सामाजिक जागरण, अतिथियों का मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंपी गई है।



## नामदेव समाज विकास परिषद की बैठक 10 को, महापौर होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री नामदेव समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय प्रांतीय पदाधिकारियों एवं समस्त जिलों की निर्वाचित, मनोनीत पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 10 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूरे प्रदेश के सभी वरिष्ठ समाजसेवी समाज की एकता, समन्वय स्थापित करते हुए समाज की प्रगति और कल्याण के विषय में चिंतन करेंगे। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे का समाज द्वारा अभिनंदन करने के लिए उन्हें मंगलवार को निवेदन पत्र दिया, जिसे महापौर ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की। बैठक में समाज के अध्यक्ष और योगाचार्य केएल नामदेव, जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद नामदेव, प्रांतीय सचिव अनिल बरोलिया, प्रांतीय महामंत्री धर्मेश नामदेव, जिला सचिव महेंद्र नामदेव, अविनाश नामदेव, नितिन नामदेव, नितिन नामदेव, मनीष नामदेव, महेंद्र नामदेव, प्रफुल्ल नामदेव, हृदयेश वर्मा, अमितेश नामदेव, चेतन नामदेव, निखिल बरोलिया, प्रीति नामदेव, भारती वर्मा, रश्मि नामदेव, डिंपल नामदेव, प्रीति, मनीष नामदेव एवं समाज के युवा उपस्थित थे।

## मंडल, जिलों के बाद ही बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बूथों, मंडलों, जिलों से लेकर प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अब कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ हो गई है। पहले चरण में मंडलों में कार्यकारिणी बनाई जा रही है। इसके बाद जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नई टीम का गठन होगा। अंत में प्रदेश संगठन की नई टीम बनेगी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का कहना है, मंडल और जिलों के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। नई कार्यकारिणी में जो भी बदलाव जरूरी होगा किया जाएगा। मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी बदलाव होगा।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। जिलों में कार्यकारिणी बनने के बाद प्रदेश की टीम बनाई जाएगी।

### होंगे कई बदलाव

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

---

**निर्माण कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन**

# नक्सल प्रभावित जिलों में जिला निर्माण समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्माण समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समिति के माध्यम से रूपये 10 करोड़ तक का कार्य कराया जा सकेगा। इसी तारतम्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला निर्माण समिति के गठन के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है। यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर रहेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे।

### सक्षम तकनीकी अधिकारी करेंगे पर्यवेक्षण

*निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं को स्वीकार करने से पहले दरों की उचितता के बारे में खुद को संतुष्ट करेगा। दरों की उचितता का आंकलन मुख्य रूप से उचित दरों के आधार पर किया जाएगा, निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं पर निर्णय लेते समय पिछले तीन महीनों की अवधि के भीतर बुलाए गए कार्यों की समान प्रकृति की निविदाओं की दरों का उल्लेख कर सकता है। समान कार्यों का अर्थ है प्रकृति, मात्रा, विनिर्देशों और स्थान में समान कार्य, जो बहुत करीब है।*

### कार्य क्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा कार्यक्षेत्र

कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे अत्यावश्यक तथा अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जायेगा। स्थानीय निधि जैसे की डीएमएफ/सीएसआर इत्यादि मद से कराए जाने वाले कार्यों में भी सर्वप्रथम कार्य एजेंसी जैसे की पीडब्लूडी/ आरईएस/पीएमजीएसवाई इत्यादि को ही क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया चाहिए ना की जिला निर्माण एजेंसी को। इन एजेंसी के द्वारा अगर कार्य निष्पादन नहीं हो पाता है, लगातार 3 बार निविदा में कोई भाग नहीं लेता है तब वैसी परिस्थिति में ही कार्य स्थानीय निधि से जो कराए जाने है, में जिला निर्माण एजेंसी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया जा सकता है।

---

**भूपेश ने कहा, कांग्रेस सरकार के समय नक्सली घटनाओं में आई थी 80 प्रतिशत कमी**

# साय सरकार ने किया प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय को अंधेरे में रखकर कोरबा में विद्युत मंडल के 1320 मेगावाट के दो संयंत्रो का शिलान्यास करवाया। दोनों पावर प्लांट का शिलान्यास कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। उस समय भूमि पूजन के पहले केंद्र की अनुमति ली थी, टेंडर हुआ था। फिर से उसी का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी से करवा कर प्रधानमंत्री जैसे पद की गरिमा को गिराने वाला काम साय सरकार ने किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने जिन तीन लाख आवासों की चाबी सौंपने का काम किया, उसकी पहली किस्त भी हमारी सरकार ने डाली थी। फिर इनका अपना क्या काम था? 18 लाख आवास की बातें करते हैं, लेकिन अभी तक नया कोई मकान स्वीकृत नहीं किया है। नक्सलवाद पर पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुये उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन काल के 5 सालो में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत कमी आई थी। 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त हुये थे, दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये, वहां पर रोजगार के साधन पैदा किए। सड़क बनाई, अबूझमाड में तीन पुल बनाये, अस्पताल, स्कूल बनाये, जिसके कारण लोगों का भरोसा हमने जीता था।

**हर विधानसभा में शराब की 8 दुकानें** – उन्होंने कहा, सरकार शराब सस्ती कर लोगों को शराबी बना रही। नई 67 दुकानें खोल रहे, जबकि ज्यादा दुकानें हैं। अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी बेच रहे। जहां देशी शराब दुकान थी, वहां अंग्रेजी शराब बेचना शुरू कर दिये। प्रीमियम के लिये अलग दुकानें खोली जा रही हैं। 700 का डबल मतलब 1400 और 66 दुकान खोली जा रही हैं। एक ही विधानसभा में 8 दुकान खोली जा रही है। शराब दुकान 2 किलोमीटर के अंदर खोली जा रही है।

## खबर संक्षेप



### ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने की मांग एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** केनाल रोड द्रोणाचार्य स्कूल न्यू राजेंद्र नगर में जाम से निजात दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी छग झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक भारद्वाज (पोल्ले) के साथ रहवासियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर श्री भारद्वाज ने बताया कि न्यू राजेंद्र नगर में शाम होते ही चौक में चारों तरफ से आने वाली गाड़ियां जल्दी निकलने के चक्कर में चौक पर ही फंस जाती हैं, जब तक यातायात पुलिस नहीं पहुंचती, तब तक यह जाम लगा रहता है। यहां सिग्नल पहले से ही लगे हुए हैं, लेकिन बंद हैं।

### योग स्पर्धा में भाग लेने मलेशिया जाएंगे दो प्रतिभागी



**रायपुर।** विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा गांधी उद्यान में मंगलवार को एक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाली योग खिलाड़ी साक्षी वर्मा और विभांशु बंजारे का सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ज्योति साहू ने बताया कि दो प्रतिभागी मलेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे। प्रतियोगिता 4 से 6 अप्रैल तक आयोजित होने वाली है। दोनों प्रतिभागियों द्वारा आर्थिक सहायता का आग्रह योग ज्योति संस्था से किया गया था, संस्था द्वारा विषय की गंभीरता को देखते हुए सभी सामाजिक संगठनों से सहायता करने का आग्रह किया गया। सभी सामाजिक संगठनों ने सहायता राशि जमा की, जो कि एक लाख है, जिसे दोनों प्रतिभागियों को सौंपा गया। कार्यक्रम में ज्योति साहू, रोशनलाल कुंभकार, जयप्रकाश धुप्पड़, पूजा शर्मा, अक्षय सिंह, योग प्रशिक्षिका पायल एवं रश्मि, विष्णु साहू तथा संतोष टोप्पो ने आर्थिक सहयोग किया।

### राखी में निशुल्क पेयजल व्यवस्था, डस्टबिन वितरित



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन नवा रायपुर स्थित ग्राम पंचायत राखी में निशुल्क पेयजल व्यवस्था एवं डस्टबिन वितरण के साथ स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम खल्लारी माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें मुख्य रूप से निर्मल रात्रे, खेमराज कन्नौजे, भोला एवं मंदिर के पं. बलराम तिवारी शामिल थे। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा को चरितार्थ करते हुए कूड़ेदान का वितरण एवं जल संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श किया गया एवं पेयजल घर व्यवस्था की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा किए गए इस प्रयास की ग्रामीणों सराहना की और इसे भविष्य में भी जारी रखने की अपील की।

# कम उपस्थिति वाले छात्र ओपन स्कूल से दिलाएंगे परीक्षा, बदले जाएंगे नियम

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एक अप्रैल से सीबीएसई स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। इसके साथ ही सीबीएसई ने स्कूलों के लिए सर्कुलर भी जारी कर दिया है। सीबीएसई ने 'डमी स्कूलों' के छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा है कि जो छात्र नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं होंगे, उन्हें वह बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देगा। बोर्ड के अनुसार, 'डमी स्कूलों' में प्रवेश के दुष्परिणामों की जिम्मेदारी स्टूडेंट और उसके पैरेंट्स की होगी। सीबीएसई 'डमी स्कूलों' के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत परीक्षा उपनियमों में बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि ऐसे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने से रोका जा सके जो सिर्फ नाम के लिए स्कूल जाते हैं। ऐसे छात्रों को अब बोर्ड परीक्षा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान से परीक्षा देनी होगी। बोर्ड के अनुसार, यदि कोई स्टूडेंट स्कूल से गायब पाया जाता है या फिर औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहता है, तो ऐसे स्टूडेंट को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ सहित देशभर के स्कूलों के लिए जारी हुआ सर्कुलर

### स्कूल की जगह जा रहे कोचिंग सेंटर

पिछले कुछ सालों से 'डमी स्कूलों' में एडमिशन का चलन काफी बढ़ गया है। डमी स्कूल ऐसे स्कूल होते हैं जहां छात्रों नहीं जाना होता है। कोचिंग संस्थान छात्रों पर स्कूल के कार्यभार को कम करने के लिए नियमित स्कूलों के साथ गठजोड़ करते हैं। ऐसा करने से स्टूडेंट को नीट, जेईई या एनडीए जैसे दूसरी प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने के लिए अधिक समय मिलता है। पैरेंट्स अपने बच्चों को इंजीनियर और डॉक्टर बनाने की चाह में 'डमी स्कूलों' में एडमिशन कराते हैं और नीट और जेईई की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर भेज देते हैं। बच्चा स्कूल केवल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लेने के लिए एडमिट कार्ड केवल कलेक्ट करने और बोर्ड रिजल्ट के बाद मार्कशीट और सर्टिफिकेट लेने आता है।




प्रदेश में पहले भी डमी स्कूलों पर कार्रवाई खत्म हुई थी रायपुर के स्कूल की मान्यता

### होगी स्कूलों की जांच

पिछले शैक्षणिक सत्र में सीबीएसई ने देशभर के डमी स्कूलों पर कार्रवाई की थी। इन स्कूलों की संबद्धता समाप्त की गई थी। इसमें रायपुर के विद्यालय भी शामिल थे। डमी स्कूलों के बढ़ते ट्रेंड को देखते हुए अब नया नियम लाया जा रहा है। हाल ही में हुई शासकीय बोर्ड बैठक में इस निर्णय को शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से लागू करने की सिफारिश की गई है। सीबीएसई बोर्ड के नियमों के अनुसार, सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्रों की स्कूलों में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अगर स्टूडेंट की अपेक्षित उपस्थिति पूरी नहीं होती है, तो उन्हें बोर्ड परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

## थाने का घेराव करने के बाद सस्पेंड की कार्रवाई

# युवक को आरक्षक ने पीटा, अटैच किए जाने पर भी नहीं माने प्रदर्शनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ होलिका दहन के दिन की घटना, विडियो भी हुआ वायरल

राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में एक युवक के साथ पुलिस कर्मी द्वारा बिना कारण मारपीट करने के मामले में मंगलवार को भीम आर्मी संगठन के लोगों ने मोवा थाने का घेराव कर दिया। संगठन के लोग दोपहर से रात करीब 8 बजे तक संबंधित पुलिस कर्मी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ एफआईआर करने की मांग करते रहे। इधर प्रदर्शनकारियों के आक्रोश को देखते हुए एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने पुलिस कर्मी को तत्काल सस्पेंड कर दिया है। पुलिस कर्मी के सस्पेंड किए जाने के बाद ही प्रदर्शनकारी भी शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर लौट गए।

यह घटना होलिका दहन के दिन की है, जिसका विडियो भी वायरल हुआ है। इस घटना के पीड़ित युवक गोपाल दास डहरिया का कहना है कि उसके भाई की विज्ञान भवन के पास चाय की दुकान है। होलिका दहन के दिन रात करीब 9 बजे पुलिस की टीम गश्त करते हुए उसके दुकान पहुंची थी। इस दौरान आरक्षक मनीष साहू बिना कारण से उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। इसका विरोध करने पर वह गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट कर थाने ले जाने के लिए उसे जबरन पुलिस गाड़ी में बिठाने लगा। इससे वह डर गया और वहां से भाग गया। इस घटना के बाद पीड़ित ने भीम आर्मी संगठन के लोगों के साथ मिलकर इसकी शिकायत पहले थाने में की, लेकिन वहां एफआईआर नहीं की गई, तो इसकी शिकायत एसएसपी से की। इस शिकायत के बाद एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए आरक्षक को थाने से हटाकर रक्षित केंद्र रायपुर में अटैच कर दिया। इधर इतने दिनों के बाद भीम आर्मी के लोगों को इसकी जानकारी मिली कि आरक्षक को सिर्फ लाइन अटैच किया गया है। इसे लेकर वे आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में मोवा थाना पहुंचकर आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। दोपहर से लेकर रात करीब 8 बजे तक प्रदर्शनकारी थाने के बाहर ही धरना देकर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। इधर इस मामले में लोगों के आक्रोश को देखते हुए एसएसपी ने फिलहाल आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक के सस्पेंड होने की कार्रवाई के बाद ही प्रदर्शनकारी भी शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर लौट गए। मोवा थाना के सीएसपी ने बताया कि इस मामले को जांच में लिया है। जांच होने तक आरक्षक सस्पेंड रहेगा। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# होटल के कमरे में चल रहा था जुआ पुलिस ने मारा छापा, 11 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के गुरुनानक चौक स्थित होटल में छापा मारकर पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से 31 मार्च की रात को सूचना मिली थी कि होटल शुभ पैलेस के एक कमरे में तासपत्ती पर बड़ा दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है।

इस सूचना पर पुलिस की टीम ने होटल में छापा मारा और मौके से 11 लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दांव पर लगे नकदी 62 हजार रुपए एवं 14 मोबाइल जब्त किया है। गंज थाना पुलिस के अनुसार गुरुनानक चौक के पास स्थित होटल शुभ पैलेस के कमरा नंबर 209 में जुआ खेला जा रहा था।

पुलिस ने इसकी सूचना मिलते ही इस होटल में देर रात को छापा मारा। इस दौरान कमरे में 11 लोग बैठकर तासपत्ती से जुआ में दांव लगा रहे थे। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो दांव में 62 हजार 200 रुपए रखे हुए थे। इस रकम को जब्त करने के साथ आरोपियों से 14 मोबाइल एवं तासपत्ती जब्त की गई है।

### गिरफ्तार किए गए आरोपी

होटल से गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पंकज अग्रवाल 35 वर्ष निवासी कैपिटल सिटी फेस 2 विधानसभा, शिव कुमार देवांगन 33 वर्ष निवासी कुशालपुर, प्रदीप बैनर्जी 36 वर्ष निवासी सरस्वती नगर पंडरी, देव नारायण मिश्रा 36 वर्ष निवासी वसुंधरा नगर डीडी नगर, कुलेश्वर देवांगन 30 वर्ष निवासी चन्द्रशेखर नगर पुरानी बस्ती, देवराज पाल 34 वर्ष निवासी आनंद भूमि-84, जोरा लभांडी, प्रकाश तिवारी 27 वर्ष निवासी ग्राम कांदुल मुजगहन, सौरभ तिवारी 31 वर्ष निवासी सुन्दर नगर, सचिन्द्र सिंह 51 वर्ष निवासी टीचर्स कालोनी कोटा एवं लक्की निर्मलकर 25 वर्ष निवासी बजरंग चौक टिकरापारा शामिल हैं।

# भवन निर्माण अनुमति शुल्क बढ़ा, जेब पर 10 फीसदी फटका

## नियमितीकरण पर भी दिखेगा असर

■ 1 अप्रैल से बिल्डिंग परमिशन फीस 10 फीसदी ज्यादा

### एक नजर भवन अनुज्ञा शुल्क दर पर आवासीय के लिए

| 2024-25 | | 2025-26 |
|---|---|---|
| 0 से 75 वर्गमीटर | 1,608 रुपये | 1768.80 रुपये |
| 76-125 वर्गमीटर | 2,819 रुपये | 3100.90 रुपये |
| 126-200 वर्गमीटर | 4,824 रुपये | 5306.40 रुपये |
| 201- 300 वर्गमीटर | 7,235 रुपये | 7,958.50 रुपये |
| 301-400 वर्गमीटर | 9,646 रुपये | 10610.60 रुपये |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में जहां पेट्रोल के दाम 1 रुपये प्रति लीटर कम होने से जहां आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, वहीं आम जनता को भवन निर्माण के लिए नगर निगम से भवन अनुज्ञा लेने पर 10 फीसदी ज्यादा राशि देनी होगी। इसी तरह शहर में अवैध निर्माण प्रकरण आवेदकों को नियमितीकरण के समय उनकी जेब पर 10 फीसदी बढ़ी हुई दर का फटका लगेगा। विदित हो कि नगर निगम के 10 जोन से नियमितीकरण के 600 प्रकरण अभी लंबित हैं। इसे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक में रखे जाने का इंतजार है। शहर में भवन निर्माण की अनुमति लेने पर अब 10 फीसदी बढ़ी हुई राशि भवन अनुज्ञा शुल्क के रूप में नगर निवेश विभाग में जमा करानी होगी। 1 अप्रैल से भवन अनुज्ञा शुल्क की बढ़ी हुई दर लागू हो गई है। नगर निवेश विभाग के अधकारियो ने बताया कि 1अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए यह दर लागू होगी।



# राठौर ने जोन अध्यक्ष, गिदवानी ने एमआईसी सदस्य का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने मंगलवार को जोन 2 पदेन अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर श्री राठौर ने जोन क्षेत्र में कार्यरत 50 सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों को श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं गांधी सदन में एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच गुरु मां का आशीर्वाद लेकर पदभार ग्रहण किया।

नगर निगम जोन 2 के पदेन सभापति सूर्यकांत राठौर ने जोन कार्यालय पहुंचकर पदभार संभाला। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक देवजी पटेल, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ राज्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी सहित एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों और जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने उन्हें बधाई दी।



### गिदवानी ने गुरु मां का आशीर्वाद लेकर संभाला पदभार

नगर निगम रायपुर के नवनियुक्त भारसाधक सदस्य अमर गिदवानी ने गांधी सदन के प्रथम तल पर प्रशासनिक कार्य के लिए आवंटित कक्ष 219 में मंगलवार को गणपति पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कक्ष में प्रवेश किया।



श्री गिदवानी ने पदभार संभालने से पहले गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, नंद किशोर साहू ने फूलमाला से अमर गिदवानी का स्वागत किया।

# पैसे बचाने का चक्कर, कमल विहार में सड़क किनारे फेंक गए इंजेक्शन की टूटी शीशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आम जनजीवन के लिए हो सकता खतरा, किसने फेंका पता नहीं

अस्पतालों से निकलने वाला बायोमेडिकल वेस्ट खुले में होने की वजह से आम जनजीवन के लिए खतरा बन सकता है। इनके सुरक्षित नष्टीकरण के लिए बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट लागू किया गया है। पैसे बचाने के चक्कर में कई अस्पताल संबंधित एजेंसी को बायो मेडिकल का कचरा सौंपने के बजाए खुले में फेंक रहे हैं। यह वेस्ट आम लोगों के साथ मवेशियों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है।

डूमतराई से कमलविहार जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे सैकड़ों की संख्या में इंजेक्शन की टूटी शीशी फेंकी गई है। शीशी के भीतर संबंधित दवा का उपयोग किए जाने के बाद उसे ठिकाने लगाने रोड किनारे फेक दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह शीशी विटामिन बी और क्रानिक डिजीज में उपयोग की जाने वाली दवा से संबंधित है। आशंका है कि आसपास के किसी अस्पताल के स्टाफ द्वारा इसे फेंका गया होगा। नियम के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम के अनुसार निजी और सरकारी अस्पताल एक संस्था के साथ बायो मेडिकल वेस्ट उठाने के लिए अनुबंध करती है। संबंधित एजेंसी निर्धारित शुल्क लेकर अस्पतालों में रोजाना निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट ले जाती है और उसे एक डंपिंग यार्ड में सुरक्षित तरीके से नष्ट करती है। राजधानी के लगभग सभी बड़े अस्पताल ने इसके लिए अनुबंध कर रखा है। कुछ एक पैसे बचाने के चक्कर में आम लोगों का जोखिम बढ़ा रहे हैं और बायो मेडिकल वेस्ट खुले में फेंक रहे हैं।



### बूढ़ातालाब में मिली थी क्रीम

*कुछ समय पहले एक्सापायरी हो चुकी क्रीम काफी संख्या में बूढ़ातालाब में फेंकी गई थी। क्रीम त्वचा संबंधी समस्या के निदान के काम आती है। क्रीम की मात्रा इतनी अधिक थी कि वह पानी में तैर रही थी। इस बात की आशंका थी कि किसी दवा दुकान वाले ने कालातीत होने की वजह से उसे तालाब में डाल दिया था, जबकि ऐसा करना नियमों का उल्लघंन है। क्रीम किसने फेंकी, इस बारे में अब तक पता नहीं चल पाया है।*

## // ईश्तहार //

पत्र क्रं /15723/ न.पा.नि./ जोन क्रं-10 /2025
रायपुर, दिनांक 11.12.2024

नामंतरण प्र.क्र. 15723
वार्ड का नाम 55 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651E00239 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती SUMIRAN SAHU पिता/ पति श्री/श्रीमती ............. के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ARJUN SAHU AND ALOK SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LATE SUMIRAN SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ........ / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे"

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर),
जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमति ईशा वर्मा पति स्व. श्री अशोक कुमार वर्मा, निवासी- 3717, ऋषि विहार शाश्वत नगर बोरियाखुर्द रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेतागण 1. कु. भारती धनगर 2. कु. माधुरी धनगर दोनो पिता - श्री ओमप्रकाश धनगर निवासी- हरदेव लाल मंदिर के पास, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.) से, वाके मौजा ग्राम -बोरियाखुर्द, प.ह.नं.- 71, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित, भूमि स्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित खुली भूमि, जिसका खसरा नं.- 116/90 का रकबा 2852 वर्गफुट भूमि, जो कि शाश्वत नगर, में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने बाबत पक्की बातचीत कर, अग्रिम ब्याना राशि अदा कर, पक्का सौदा तय किया जा चुका है, केवल बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है। अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें । समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि / संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

अतः सूचना जाने ।

दिनांक -01/04/2025
स्थान - रायपुर (छ.ग.)

मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह
(अधिवक्तागण)
मोती नगर बोरियारोड रायपुर,
पो. सुन्दरनगर तह व जिला रायपुर (छ.ग.)
मो. 98271-16487, 93002-96804, 98271-91198

# सख्ती के बाद भी कम नहीं हो रहा तंबाकू का उपयोग, आठ फीसदी स्कूली बच्चे भी चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोटपा एक्ट के सख्त प्रावधान के बाद भी तंबाकू और उससे बनी अन्य सामग्री का उपयोग कम नहीं हो रहा है। ग्लोबल यूथ टौबेको सर्वे-4 के अनुसार राज्य के आठ फीसदी स्कूली बच्चे भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। तंबाकू नियंत्रण के लिए राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त रणनीति बनाई गई है। इसके लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य और जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है। तंबाकू के बढ़ते उपयोग और उसकी वजह से होने वाली समस्या को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी काफी गंभीर हैं। उनके द्वारा इसके उपयोग पर नियंत्रण के लिए जागरूकता के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### महीनेभर चलता रहा ट्रेनिंग का दौर

तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान सहित तंबाकू नियंत्रण अन्य नीतियों के पालन के लिए मार्च माहभर ट्रेनिंग का दौर चलता रहा है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के साथ अन्य विभाग और गैर शासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कोटपा एक्ट के नियम से परिचित कराया। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने तंबाकू की वजह से शारीरिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे में भी लोगों को अवगत कराया।



# खुदाई में मिले 14वीं शताब्दी के पुराने पुरातात्विक अवशेष, विभाग ने बंद कराया खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## डिपरापारा स्थित खल्लारी मंदिर के पास खुदाई में मिले मिट्टी के बर्तन, सिलबट्टा, मटका व अन्य चीजें

■ इस इलाके में 13वीं और 14वीं शताब्दी की पुरानी सभ्यता के संकेत मिल चुके हैं

महादेव घाट के पास डिपरापारा स्थित खल्लारी मंदिर के पास खुदाई के दौरान पुरातत्व विभाग को प्राचीन पुरातात्विक अवशेष मिले हैं, जो 14वीं शताब्दी पुराने बताए जा रहे हैं। सोमवार को अवशेषों को अपने कब्जे में लेकर विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा कलेक्टर को खुदाई बंद कराने के लिए आवेदन किया गया है। बता दें कि निजी जगह पर प्लॉटिंग के लिए जमीन समतल करने का काम चल रहा था। जब खुदाई के दौरान मिट्टी में बर्तन, सिलबट्टा, मटका, ईंट और मूर्तियां निकलीं, तो इसकी सूचना तत्काल पुरातत्व विभाग को दी गई। मौक पर पहुंचे अधिकारियों ने अवशेषों को अपने कब्जे में लिया।

***14वीं सदी के होने की आंशका :*** पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों ने इन बर्तनों और चीजों की देखने व प्रारंभिक जांच से बताया कि ये सामग्री 14वीं शताब्दी की हो सकती हैं। इससे पहले भी इस इलाके में 13वीं और 14वीं शताब्दी की पुरानी सभ्यता के संकेत मिल चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, जिस समय ये अवशेष मिले, उस वक्त यहां बिना प्रशासन को सूचना दिए खुदाई और भूमि समतलीकरण का काम चल रहा था। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से चल रही खुदाई को रुकवाया और कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी।





### आसपास के क्षेत्रों का होगा सर्वे

पुरातत्वविदों का मानना है कि खारुन नदी के किनारे पुरानी सभ्यता के ये अवशेष हो सकते हैं, जिनका इतिहास में भी जिक्र मिलता है। इस जगह 14वीं सदी के लोग रहते थे। अब पुरातत्व विभाग की टीम इस पूरे इलाके और आसपास के क्षेत्रों का सर्वे करेगी। जब तक सर्वे पूरा नहीं हो जाता, तब तक यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### गोंदवारा मंदिर में 187 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**रायपुर।** गोंदवारा स्थित आदिशक्ति जगत जननी मां शीतला मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। शीतला मंदिर में वर्ष में दो बार मनोकामना ज्योति जलाई जाती हैं। भक्त माता रानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंवारे और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते हैं। शीतला मंदिर में भक्तों की आस्था बढ़ने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शीतला माता मंदिर में 187 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### महामाया देवी पंचांग का विमोचन आज

**रायपुर।** श्री महामाया देवी मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार नव वर्ष में महामाया देवी पंचांग का प्रकाशन एवं विमोचन कराया जाता है। बुधवार शाम 6.30 बजे पंचांग का विमोचन कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिपुर सुंदरी मंदिर शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख दंडी स्वामी इंदुभवानंद जी महाराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण तिवारी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पंचांग संकलन कर्ता पं मनोज शुक्ला एवं समर्पित रूप से मंदिर की सेवा करने वाले कुछ सेवकों का सम्मान भी किया जावेगा।

### मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए 299.85 करोड़

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ राज्य की जनता तक पहुँचे और सभी संसाधनों का उपयोग जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाए। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले की डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में गीदम में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु 299 करोड़ 85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सीजीएमएससी को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### सर्वाधिक स्वास्थ्य संस्थाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा प्रदायगी के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार ने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि राज्य में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले शासकीय अस्पतालों की संख्या में बीते वर्ष के दौरान वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 के पूर्व सीमित संख्या में स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था, वहीं '2024-25' में इनकी संख्या 300 से अधिक हो गई है। यह पूर्व वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है, जो राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार को दर्शाती है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। उनके समर्पण और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने राज्य के सुदूर क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया है।

### प्रतिबंधित सिरप के साथ पकड़ाया बदमाश

**रायपुर।** ग्राहक की तलाश में ग्राइंडर की दुकान में बोरी में प्रतिबंधित सिरप रखने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खमतराई पुलिस को सूचना मिली थी कि हटरी बाजार में एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में बैठा है। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम प्रशांत वहाने निवासी विजय नगर छठवा तालाब बताया। तलाशी लेने पर उनके पास प्रतिबंधित नशीली सिरप मिली। आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

# मुख्यमंत्री के हाथों कल रायपुर को बनाने वाले दानदाताओं का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज दानवीर दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल की जयंती पर 3 और 4 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। रायपुर को रायपुर शहर की पहचान देने वाले दानदाताओं और उनके वंशजों का प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और रायपुर की महापौर मीनल चौबे द्वारा 100 विभिन्न समाज प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा।



केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया, छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज में दान की एक वृहद परंपरा है। दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल ने 1944 में दान देकर जो चिकित्सालय प्रारंभ करवाया था, उसे आज शहर वासी डीके सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नाम से जानते हैं। दाऊजी ने छत्तीसगढ़ में कृषि के विकास के लिए 1924 एकड़ भूमि दान कर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करवाई। दाऊजी द्वारा टाटीबंध में स्थापित टीबी सेनिटोरियम में आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा एम्स (अखिल भारतीयआयुर्विज्ञान संस्थान) संचालित हो रहा है। इसके अलावा दाऊ ने जगन्नाथ मंदिर, कालीबाड़ी, भाटापारा में कल्याण सागर, जनक नंदिनी धर्मशाला, विभिन्न गौशालाएं स्थापित की।

**इनका होगा सम्मान :** श्री अग्रवाल ने बताया, शहर की जेआर दानी कन्या शाला के स्वर्गीय जगन्नाथ राव दानी, दुर्गा कॉलेज को जमींन दान करने वाले दीक्षित परिवार, आयुर्वेदिक कॉलेज के दानदाता स्वर्गीय नारायण प्रसाद, विवेकानंद स्मृति भवन वाले राय बहादुर भूतनाथ डे, बढ़ते कदम के संस्थापक स्वर्गीय अनिल गुरुबक्षणी के वंशजो, सिरपुर मंदिर व संचालन के लिए दान करने वाले गोयल परिवार, महासमुंद में मंदिर के लिए दान करने वाले पंचवटी परिवार के साथ वर्तमान में जनहित के लिए दो रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला वी गंगा डायग्नोस्टिक के संचालक सुभाष अग्रवाल, अपना घर के संचालक गोपाल अग्रवाल का मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान किया जाएगा।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेलवे की बढ़ी कमाई, विकास कार्यों में भी आई तेजी

# सालभर में कबाड़ बेचकर रेलवे हुआ मालामाल, 259 करोड़ की कमाई

## प्लेटफॉर्म से भी 281 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 135 किलोमीटर रेल लाइनों का कार्य पूरा, 253.21 मिलियन टन माल लोड का बनाया रिकार्ड

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 आर्थिक विकास से भरपूर रहा। पिछले साल की तुलना में जोन के हर क्षेत्र में कमाई बढ़ी है साथ ही रेलवे के विकास कार्यों में भी तेजी आई है।

बता दें कि माल लोडिंग में वित्तीय वर्ष में प्रदर्शन अब तक सबसे सर्वोच्च रहा है, तो ही जेम खरीदी और स्क्रैप बिक्री में लक्ष्य से अधिक कमाई इस बार अधिक हुई है। रेलवे ने स्क्रैप (कबाड़) बिक्री से 259.24 करोड़ की कमाई की, जो रेलवे बोर्ड के निर्धारित लक्ष्य 220 करोड़ से 17.84 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, जेम प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद 281.82 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 77.60 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष में कई उपलब्धियां भी जुड़ी हैं। रेलवे के खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 6 रजत और 15 कांस्य पदक जीते हैं।

### 253.21 मिलियन टन माल लोडिंग



इस वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 253.21 मिलियन टन माल लोडिंग के साथ अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि के साथ माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भारतीय रेलवे में दूसरा स्थान है। इसके साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया गया माल लदान भारतीय रेलवे की कुल माल लोडिंग का 16 प्रतिशत है। कच्चे माल के परिवहन को बढ़ावा देने हेतु 4 गति शक्ति टर्मिनल चालू किए गए हैं।

### एप से टिकट खरीदने जोन पहले स्थान पर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देते हुए अनारक्षित टिकटों का 20.88 प्रतिशत यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किया गया, जो कि संपूर्ण भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर है। इसके अलावा 4 स्टेशनों पर प्लेटफार्म की ऊँचाई बढ़ाई गई, जबकि विभिन्न स्टेशनों पर 6 एस्केलेटर, 1 लिफ्ट और 7 स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इसके साथ ही महत्वपूर्ण स्टेशनों पर 10 छोटे और 2 बड़े फूट ओवरब्रिज का निर्माण भी पूरा किया गया।

### 35 किलोमीटर रेल लाइनों का कार्य पूरा

रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने कुल 135 किलोमीटर रेल लाइनों का कार्य पूर्ण कर इनमें रेल परिचालन शुरू किया गया, जिसमें मल्टी-ट्रैकिंग 118.34 किलोमीटर और गेज परिवर्तन 17.30 किलोमीटर शामिल हैं। इसके अलावा, 112 किलोमीटर सेक्शन में ऑटो-सिग्नलिंग प्रणाली और 10 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई। जोन ने 328 रूट किलोमीटर में सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के साथ 28 मानवयुक्त रेलवे क्रॉसिंग को समाप्त कर संरक्षा में सुधार किया है। 14 रोड ओवर ब्रिज और 60 रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया गया। साथ ही 156 पुलों का मेंटेनेंस कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# सांसद बृजमोहन ने पंचायतों की वित्तीय सहायता का मामला लोस में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में मंगलवार को सुदूर पंचायत क्षेत्रों को मिलने वाली वित्तीय सहायता पर केंद्र सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने और उनके प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।



जवाब में पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी बघेल ने बताया, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 से अब तक छत्तीसगढ़ के 3,71,743 प्रतिभागियों सहित पूरे देश में 1,14,61,210 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण देकर पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना है। राज्य मंत्री ने बताया, भारतीय संविधान का अनुच्छेद 280 केंद्रीय वित्त आयोग को संघ और राज्यों के संबंधित निकायों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने और विभिन्न उद्देश्यों के लिए वित्तीय अनुदान की सिफारिश करने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा, 15वें वित्त आयोग द्वारा अपनाए गए निधियों के वितरण मानदंड के तहत 90% राशि जनसंख्या के आधार पर और 10% राशि राज्यों के क्षेत्रफल के आधार पर आवंटित की जाती है। इसके अलावा, पंचायती राज मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2022-23 से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की संशोधित केंद्र प्रायोजित योजना को लागू किया है, जिसके तहत पंचायत प्रतिनिधियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और पंचायतों को अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# कला के छात्र नहीं पढ़ पा रहे विज्ञान के विषय! बीए में पास हुए सिर्फ 35%, बीएससी में 34% ही उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रविवि ने जारी किए बीए-बीएससी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवा को बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। बीए में जहां 35.65 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके हैं तो वहीं बीएससी में 34.39 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्रों का यह प्रथम बैच है। बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा में 16,516 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 5,888 उत्तीर्ण हुए। 10,549 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। जबकि 80 छात्रों के परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। इसी तरह से बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 9,853 छात्रों ने दिलाई थी। इनमें 3,388 उत्तीर्ण तथा 6,395 एटीकेटी श्रेणी में हैं। 70 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान अथवा वाणिज्य संकाय के विषयों का अध्ययन करना कठिन साबित हो रहा है। वे इससे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि परिणाम इतने खराब रहे हैं। गौरतलब है कि एनईपी के अंतर्गत छात्रों को एक विषय दूसरे संकाय से चुनना अनिवार्य है। छात्रों को ना केवल इस विषय का अध्ययन करना होता है, बल्कि इसमें उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य है। इसके अंक अंतिम परीक्षा परिणाम में शामिल होते हैं।



### इसलिए विज्ञान विषय का चुनाव

वाणिज्य संकाय में अकाउंट संबंधित सवालों की अधिकता होती है। इसमें जोड़-भाग सहित गणित के सवाल अधिक होते हैं। गणित संकाय में भी यही स्थिति होती है। कला के छात्र 11वीं और 12वीं में गणित का अध्ययन नहीं करते हैं, इसलिए दो वर्ष के अंतराल में गणित विषय का अध्ययन उनके लिए जटिल साबित होता है। यही वजह है कि कला संकाय के अधिकतर छात्रों ने विज्ञान विषय का चुनाव किया है। बीएससी के परीक्षा परिणाम अन्य सत्रों की तुलना में इतने अधिक खराब नहीं रहे हैं, जितने की बीए के। कॉमर्स के परिणाम 65 प्रतिशत रहे थे। यह अन्य वर्षों की तुलना में बेहतर है, क्योंकि कॉमर्स के छात्र आसानी से कला संकाय के विषयों का अध्ययन कर लेते हैं।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

प्राचार्यों और शिक्षाविदों का कहना है कि किसी भी संकाय के विद्यार्थियों के लिए दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करना अपेक्षाकृत कठिन होता है। कला संकाय का चुनाव सामान्यतः वे ही छात्र करते हैं, जो अकादमिक क्षेत्र में अन्य विद्यार्थियों से कमजोर होते हैं। महंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी के अनुसार, बीए के छात्रों के लिए कॉमर्स, गणित और विज्ञान का अध्ययन करना जटिल है। यही कारण है कि वे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके। वहीं बीएससी के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स के अकाउंट संबंधित विषयों का ज्ञान जटिल होता है। छात्र सामान्यतः अपने संकाय के विषयों को ही अध्ययन के वक्त प्राथमिकता देते हैं। जेनेरिक इलेक्टिव विषयों को लेकर उनमें अधिक रूझान नहीं दिखता है।




## पेज 09 के शेष ...

### धोखेबाजों से आगे माशिम...

कि वे परीक्षा में फेल हो गए हैं। यदि वे उत्तीर्ण होना चाहते हैं तो उन्हें निर्धारित राशि जमा करनी होगी। ऐसा करने पर उन्हें उत्तीर्ण कर दिया जाएगा। फोन करने वाले जालसाज स्वयं को माशिम का अधिकारी-कर्मचारी बताते रहे हैं। गत वर्ष शिकायत प्राप्त होने के बाद माशिम ने स्पष्टीकरण दिया था, लेकिन इस वर्ष पिछले मामलों को संज्ञान लेते हुए स्वतः अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**सीबीएसई भी जारी कर चुका है अलर्ट :** ना सिर्फ माध्यमिक शिक्षा मंडल बल्कि सीबीएसई भी परीक्षा संबंधित फ्रॉड के लिए अलर्ट जारी कर चुका है। सीबीएसई द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह की अधिसूचनाएं जारी की जाती हैं। इसमें पेपर लीक संबंधित अफवाह, फर्जी प्रश्नपत्र, पास कराने के लिए फोन कॉल्स सहित कई तरह की चीजें शामिल रहती हैं। सीबीएसई इस तरह की जालसाजी करने वालों पर स्वतः ही एक्शन लेता रहा है। प्रश्नपत्र लीक करने के दावे करने वाले कई यू-ट्यूब चैनल भी केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड द्वारा बंद कराए जाते रहे हैं। इस वर्ष भी सीबीएसई द्वारा यह प्रक्रिया अपनाई गई थी।

### एक वर्ष में 46589 हुई...

हैं, जिससे लगभग साढ़े 11 करोड़ रुपए की आय हुई है। अंतिम दिन रिकार्ड रजिस्ट्री,

**21 करोड़ से अधिक की आय :** रायपुर पंजीयन कार्यालय में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को रजिस्ट्री से रिकार्ड आय हुई है। अंतिम दिन 743 रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिससे पंजीयन फीस 8 करोड़ 4 लाख 62 हजार रुपए तथा स्टाम्प ड्यूटी से 13 करोड़ 73 लाख 50 हजार रुपए की आय हुई है। इस तरह कुल 21 करोड़ 78 लाख 12 हजार रुपए की कमाई हुई है।

**छुट्टियों के दिन भी कार्यालयों में लगी रही भीड़ :** साल के अंतिम महीने में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री होती है, जिसके कारण रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने वालों की संख्या भी डेढ़ से दो गुना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पंजीयन कार्यालय खुलने के समय दो घंटे बढ़ाने के साथ शासकीय छुट्टियों के दिन भी खोले रखने का निर्देश शासन की ओर से जारी किया गया था। इस आदेश के तहत सभी पंजीयन कार्यालय छुट्टियों के दिन भी खुले रहे, जिससे दिनभर रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ भी लगी रही।

**रायपुर और जिला दोनों टारगेट पार :** पंजीयन विभाग को जिले के लिए वर्ष 2024 में 11 सौ करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था, वहीं केवल रायपुर को 790 करोड़ रुपए का टारगेट मिला था। विभागीय अधिकारी के अनुसार ये दोनों टारगेट पूरा कर लिए गए हैं। रायपुर में तो टारगेट से करीब 40 करोड़ रुपए की ज्यादा आय हुई है।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



पंचमी पर आज मां महामाया का 20 साड़ियों ...


## एज्यूकेशन अपडेट

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल



**रायपुर।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) जगदलपुर द्वारा आगामी जुलाई माह में तार मिस्त्री परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रतिवर्ष की तरह ही आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्युत सुरक्षा से संबंधित मिस्त्रियों का परीक्षण करना है। इस वर्ष के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 30 अप्रैल 2025 तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह परीक्षा विशेष रूप से बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, धमतरी एवं महासमुंद जिले के उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी।

#### आवेदन पत्र निशुल्क उपलब्ध होंगे

इच्छुक उम्मीदवार संबंधित परीक्षा आवेदन पत्र और जानकारी के लिए कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन, संभाग-जगदलपुर पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र.-19, आजाद चौक, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) पिन-494001 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र निशुल्क उपलब्ध होंगे। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे 30 अप्रैल तक अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करें, ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

#### स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

*जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोड़ीतरई व अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय छोटेडोंगर, बेनूर, ओरछा, तथा हिंदी माध्यम विद्यालय कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश के लिए आवेदन सेजेस पोर्टल पर 10 अप्रैल से उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभिभावक स्वामी आत्मानंद विद्यालय के आधिकारिक पोर्टल **https://cgschool.in/saems/** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही ऑफलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। प्रवेश के लिए आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आवंटन 6 से 10 मई तक एवं एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई तक समय निर्धारित की गई है।*

### दुर्ग के दीपांशु, अंकुर और सूरजपुर की आइफा पुराने संसद भवन में रखेंगे अपनी बात

# छत्तीसगढ़ विस में गूंजे युवाओं के विचार, 'विकसित भारत' पर दिए सुझाव, अब संसद में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर होगी चर्चा

**छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को राज्य स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। यहां युवाओं के लोकतांत्रिक विचारों में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की झलक देखने को मिली। युवाओं ने अपने भाषण में उन हर क्षेत्रों को शामिल किया, जो आम आदमी की जरूरत हैं। भारत के विकसित करने औद्योगिक और प्रौद्योगिकी को बेहतर करने पर अपनी बात रखी।**

**रायपुर।** युवाओं ने विचारों ने निर्णायकों को भी प्रभावित किया। यूथ पार्लियामेंट युवाओं ने जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी बात रखी। कार्यक्रम के जरिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश के युवाओं को अपने विचारों को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिला। बता दें कि नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर (युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय) व राष्ट्रीय सेवा योजना को इस आयोजन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विकसित भारत युवा संसद का 1 अप्रैल से आगाज हो चुका है। इसमें देश के 108 युवा प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। निर्णायक मंडल ने छत्तीसगढ़ से तीन प्रतिभागियों का चयन किया है, जिसमें दुर्ग से दीपांशु नेताम, अंकुर पांडे और सूरजपुर से आइफा खातून छत्तीसगढ़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे।प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से शीर्ष तीन उम्मीदवार विचार रखेंगे।



छत्तीसगढ़ विधानसभा में 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट' का भव्य आयोजन

#### युवा प्रतिभागियों के बीच इन मुद्दों पर होगी चर्चा

पुराने संसद भवन में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट होगी। कुल 108 युवा प्रतिभागी 'एक देश एक चुनाव', विकसित भारत पर प्रश्नकाल जैसी उच्चस्तरीय चर्चाओं में भाग लेंगे। समापन के समय एक प्रस्ताव लाया जाएगा। संसद के एक वरिष्ठ सदस्य मास्टर क्लास का आयोजन करेंगे, जहां युवाओं को आवश्यक भाषण और नेतृत्व कौशल सिखाए जाएंगे।

#### संसदीय कार्यवाही देखने का अवसर पीएम संग्रहालय भी जाएंगे

राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में शरीक होने वाले युवाओं को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लेने से शासन के बारे में सीधी जानकारी मिलेगी। ये युवा भारत की राजनीतिक यात्रा और नेतृत्व की कहानियों के बारे में भी जानकारी हासिल करेंगे। योजना के मुताबिक इन्हें पीएम संग्रहालय का दौरा भी कराया जाएगा।



#### 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें तीन मिनट के भाषण के माध्यम से अपने विचार रखने का अवसर मिला। निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से तीन प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रहे अजय काले, रविंद्र ठेंगड़ी, प्रसन्न निमोनकर, डॉ. मंजरी बक्शी, गीता दलाल, नीता डुमरे, सुनीता चंसोरिया, विजय मिश्र, सिद्धांत त्रिपाठी, विशाखा तोपखानावाले रहे।



#### युवा शक्ति के सशक्तिकरण से ही विकसित

खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारा प्रदेश युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। इस तरह के मंचों से युवा अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि युवाओं की आवाज को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने के लिए यह सार्थक प्रयास है। पद्मश्री, विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति के सशक्तिकरण से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। आरंग विधायक बाबा खुशवंत साहेब ने कहा कि युवाओं का उत्साह और रचनात्मक दृष्टिकोण देखकर हमें गर्व महसूस हो रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्टेट डायरेक्टर अतुल जे. निकम, डिप्टी डायरेक्टर अर्पित तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना की नोडल अधिकारी नीता बाजपेई उपस्थित रहीं।

## सिटी इवेंट

### जैन महिला ने लगाई लघु एवं कुटीर उद्योगों के उत्पादों की प्रदर्शनी



**रायपुर।** दादाबाड़ी में समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से चार दिवसीय 'जैन ट्रेड फेयर-स्वाभिमान से स्वालंबन की ओर' का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेड फेयर का शुभारंभ मंगलवार को महापौर मीनल चौबे ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रोत्साहित करने ट्रेड फेयर का आयोजन किया है। महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान कई सामाजिक पहल की जा रही, जिनमें मुख्य रूप से चार दिवसीय निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन डॉ. दीपक जैन के मार्गदर्शन में सुबह 11 बजे से रात 8 तक किया जा रहा है। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, स्लिप डिस्क दर्द, सायटिका, कंधे का दर्द, मांसपेशियों का दर्द, कोहनी का दर्द, पोलियो मैलाइटिस, अर्थराइटिस समेत अन्य जांच कर परामर्श दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा मौजूद रहे।

#### आज स्वर्णिम वटवृक्ष सम्मान समारोह

भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री लक्ष्मी साईं भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 11 लोगों ने ब्लड डोनेशन किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि 15 दिवसीय रक्तदान शिविर में इकट्ठा होने वाले ब्लड यूनिट को ब्लड बैंक, समाजसेवकों और एनजीओ के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। जैन ट्रेड फेयर में आर्थिक सक्षमीकरण का प्रकल्प एवं देशभर की जैन महिला उद्योगों के लघु एवं कुटीर उद्योगों के उत्पादों का प्रदर्शनी लगाई गई, जो दादाबाड़ी में सुबह 10 से रात 9 बजे तक संचालित किया जाएगा। 2 अप्रैल को शाम 6 बजे स्वर्णिम वटवृक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे द ग्रैंड तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, ट्रेड फेयर के अंतिम दिन 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वीर कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा।



# मोबाइल और टीवी अधिक देखने से बच्चों में बढ़ रही ऑटिज्म की परेशानी

**रायपुर।** मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करने वाली समस्या ऑटिज्म डिसऑर्डर से राजधानी के कई बच्चे पीड़ित हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़ों के अनुसार, हर 100 बच्चों में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित होता है। लड़कों में यह विकार लड़कियों की तुलना में 4 गुना ज्यादा पाया जाता है। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर में बच्चे को सामाजिक संपर्क में कठिनाई होती है।

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर हरिभूमि ने विशेषज्ञों से बातचीत की। शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय की डॉ. चानन गोयल ने बताया कि ऑटिज्म के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं और यह जरूरी नहीं कि हर ऑटिज्म से प्रभावित बच्चे में सभी लक्षण मौजूद हों, लेकिन देर से बोलना या बोलना शुरू करने के बाद बोलना भूल जाना, कुछ शब्दों का प्रयोग करना, लेकिन पूर्ण वाक्य नहीं बना पाना, वस्तुओं में अधिक रुचि होना, व्यक्तियों से कम, अपनी दुनिया में खोए रहना, एक ही प्रकार का व्यवहार बार-बार दोहराना व पढ़ाई-लिखाई में कठिनाई होना लक्षण हो सकते हैं।




#### 2-3 महीने की उम्र में पहचान

*ऑटिज्म की पहचान तब हो सकती है, जब बच्चा 2-3 महीने की उम्र में सोशल स्माइल (सामाजिक मुस्कान) नहीं करता। यदि ऑटिज्म की पहचान जल्दी हो जाती है तो इसका इलाज अधिक प्रभावी होता है, क्योंकि छोटे बच्चे अधिक सीखने की क्षमता रखते हैं। ऑटिज्म के इलाज में फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी, साइकोलॉजी और स्पेशल एजुकेशन का महत्वपूर्ण योगदान है। समय रहते सही थैरेपी और समावेशी शिक्षा से बच्चे की आत्मनिर्भर बनने की संभावना बढ़ सकती है। कुछ बच्चों को संगीत या गणित में गहरी रुचि हो सकती है और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन मिले तो वे उस क्षेत्र में कुशल बन सकते हैं, इसे हाई फंक्शनिंग ऑटिज्म कहा जाता है।*

# 201 बेटियों के माता-पिता का सम्मान करेगा नवसृजन मंच

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि केअवसर पर नवसृजन मंच द्वारा हर वर्ष की तरह इस साल भी 'बिटिया जन्मोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। 2 अप्रैल को वृंदावन हॉल सिविल लाइन में आयोजन होगा, जिसमें 201 बेटियों के माता-पिता को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर बेटियों के माता-पिता को सम्मानपत्र और बेबी किट प्रदान की जाएगी, जिसमें फ्रॉक और अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल होंगी। साथ ही, 201 कन्याओं का पूजन आदिशक्ति के रूप में किया जाएगा।

#### आहार और पोषण की देंगे जानकारी

*कार्यक्रम के दौरान आहार विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी अनुभूति द्वारा माताओं को आहार और पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे 'नोनी सुरक्षा योजना', 'सुकन्या समृद्धि योजना', और 'मातृत्व सुरक्षा योजना' की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और महापौर मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। नवसृजन मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि यह आयोजन हर साल नवरात्रि के समय होता है और संस्था की कोशिश है कि बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित किया जाए।*

### समर कैंप में बच्चों को शारीरिक विकास के साथ धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास



# स्कूल की छुट्टी... स्वीमिंग से बच्चों का डर हो रहा दूर धार्मिक ग्रंथ और पुराणों से सीख रहे जीवन का सार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही परिजन और बच्चों के चेहरे से पढ़ाई की चिंता दूर हो गई है। पैरेंट्स बच्चों को प्रोत्साहित करने, पढ़ाई के अलावा भी अन्य गतिविधियों में शामिल कर रहे। इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समर कैंप शुरू हो गए है, जिसमें बच्चों के कौशल विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है। पढ़ाई के साथ क्रिएटिव आइडिया से गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे कठिन विषयों की तैयारी की जा रही है। समर कैंप में परिजन बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए स्पोर्ट्स, स्वीमिंग, चित्रकला, संगीत, शास्त्रीय नृत्य, पाककला, अभिनय, मेहंदी, गायन क्लास सालों से चलती आ रही है, लेकिन इस साल पैरेंट्स माटी कला, फैशन डिजाइनिंग, टैटू, पेंटिंग, ओरीगेमी, क्ले आर्ट जैसे क्रिएटिव क्लास ज्वाइन कराना पसंद कर रहे। बदलते वक्त के साथ माता-पिता बच्चों की पसंद के अनुसार कार्य करना शुरू कर रहे, जिसमें बच्चों को प्रोफेशनल ढंग से ट्रेंड किया जाता है।



#### समर क्लास में बच्चों को सिखा रहे भजन



सरस्वती म्यूजिक एंड आर्ट अकादमी की सरस्वती यादव ने बताया कि कला, संगीत और गायन की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इस वर्ष नवरात्रि, रामनवमी, हनुमान जयंती पर्व से संबंधित धार्मिक भजन बच्चों को सिखाए जा रहे हैं। रोजाना क्लास में बच्चों के अनुसार सरल भजनों की प्रैक्टिस की जाती है, जिसे प्रतिभागी उत्साह के साथ सीखना पसंद करते हैं।

#### कला केंद्र में फैशन डिजाइनिंग

कला केंद्र में परिजन और बच्चों की डिमांड पर फ्यूजन डांस, फैशन डिजाइनिंग, माटीकला, मूर्तिकला, टेराकोटा, फेस-टैटू पेंटिंग की नई क्लास शुरू की गई है, जिसमें रोजाना प्रतिभागियों का पंजीयन जारी है। नई कक्षाओं में फैशन डिजाइनिंग प्रतिभागियों की पहली पसंद बनी हुई है। कला केंद्र के प्रबंधक केदार पटेल ने बताया कि अप्रैल माह में फूड डेकोरेशन की क्लास भी शुरू होने वाली है, जिसके लिए होटल मैनेजमेंट इस्टीट्यूट से चर्चा की जा रहा है।



#### धार्मिक ग्रंथ एवं पुराणों का ज्ञान

इस साल समर कैंप में बच्चों को धार्मिक ग्रंथ एवं पुराणों का ज्ञान दिया जा रहा है, जिसमें रामायण और महाभारत शामिल हैं। आधुनिकता के दौरान में माता-पिता बच्चों में सदाचार और अनुशासन बनाए रखने के लिए नई पहल से जुड़ रहे। मिनी मार्वल्स संस्थान से अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि 3 साल के बच्चों को साइंस एक्सपेरिमेंट, फॉनिक, हैंड राइटिंग, आर्ट, डांस और धार्मिक शिक्षा दी जा रही।

सिटी लाइव

## हजारों भक्त एकसाथ करेंगे हनुमान चालीसा महापाठ, विशेष व्याख्यान भी



**रायपुर।** जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में हनुमान महापाठ समिति की ओर से बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान 6 अप्रैल को होने वाले हनुमान चालीसा महापाठ को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक विजय अग्रवाल और शिवनारायण मूंधड़ा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर किया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम साइंस कॉलेज के पास स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर मानस मर्मज्ञ विजय शंकर मेहता द्वारा हनुमान चालीसा एवं मानव कल, आज और कल विषय पर विशेष व्याख्यान दिया जाएगा, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का संदेश मिलेगा। महापाठ के दौरान सैकड़ों हनुमान भक्त सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। आरती और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

### 5 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

रामनवमी के भव्य आयोजन की पूर्व संध्या पर 5 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी और महापाठ के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी। शोभायात्रा राठौर चौक स्थित हनुमान मंदिर में संपन्न होगी। शोभायात्रा में सजे-धजे रथों, भजनों की धुनों और भक्तों की जयकारों से वातावरण भक्तिमय होगा। इस बैठक में विशेष रूप से विजय अग्रवाल, शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, मुरली शर्मा, सुनील लाट, ललित जोबनपुत्रा, प्रकाश पुजारा, राजेश डागा, संतोष परमार, अमित डोये, नीतू मूंधड़ा, आशा शर्मा, रश्मि परमार, संगीता अग्रवाल और मोनी दीवान उपस्थित थे।







● 2 अप्रैल को पंचमी के अवसर पर मंदिरों में दिनभर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

# पंचमी पर आज मां महामाया का 20 साड़ियों के साथ स्वर्ण श्रृंगार, मां कंकाली अष्टभुज रूप में देंगी दर्शन

**देवी मंदिरों में पंचमी के विशेष अवसर पर सुबह से देर रात तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। ब्रह्म मुहूर्त में श्रृंगार आरती के साथ ही ज्योति कलश पूजा भी प्रारंभ हो जाएगी। इस वर्ष नवरात्रि आठ दिनों की है, जिसके अनुसार 2 अप्रैल को शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में पंचमी उत्सव मनाया जाएगा। देवी मंदिरों में नीबू की माला सोलह श्रृंगार में शामिल होगी, साथ ही धार्मिक भजनों के साथ देवी मां की उपासना की जाएगी।**

**रायपुर।** पंचमी के अवसर पर महामाया मंदिर, कंकाली मंदिर, काली मंदिर, बंजारी मंदिर , शीतला मंदिर समेत अनेक देवी मंदिरों में स्थापित हजारों ज्योति कलश के ऊपर जंवारा कलश स्थापित किए जाएंगे। भक्त माता के सोलह श्रृंगार स्वरूपों का दर्शन कर सकेंगे।

### महामाया ज्योतिष कैलेंडर का होगा विमोचन

श्री राजराजेश्वरी माता महामाया देवी मंदिर में मुंबई के लोकप्रिय नवनीत तिवारी भजन गायक मंडली द्वारा रात्रि 9-12 भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सुरज फूटान ने बताया कि सुबह 15-20 साड़ियों से माता का भव्य श्रृंगार होगा। देवी का स्वर्ण श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। हिंदू नववर्ष पर महामाया ज्योतिष कैलेंडर का विमोचन किया जाएगा, जिसे निशुल्क बांटा जाएगा।



### श्रृंगार-आरती के बाद कन्या भोज

*आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर के सदस्य जगदीश कलश ने बताया कि पंचमी पर सुबह 4 बजे अभिषेक होगा। पंचमी श्रृंगार-आरती के पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया है, जिसमें नौ कन्याओं को देवी मां की तरह पूजा जाएगा। रात्रि 8 बजे महाआरती की जाएगी, पंचमी पर भोग-भंडारे की व्यवस्था भी की गई है।*



### ढोल-बाजा के साथ महाआरती

*कंकाली मंदिर के पूजारी आशीष शर्मा ने बताया कि पंचमी पर मां का अष्टभुज रूप में दर्शन करने का मौका मिलेगा, ब्रम्हमुहूर्त में अभिषेक और श्रृंगार आरती के पश्चात मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुले रहेंगे। शाम 5 बजे महाआरती ढोल-बाजा के साथ किया जाएगा।*



### ग्रामीण करेंगे ठाकुर देव की पूजा

*रावाभाठां स्थित बंजारी मंदिर के सदस्य हरीश जोशी ने बताया कि पंचमी के अवसर पर ग्रामीण सदस्य ठाकुर देवता की पूजा करने मंदिर परिसर पहुंचेंगे। जिन घरों में ज्योति-जंवारा स्थापित किया गया है, उन घरों से माता के लिए ध्वजा लाई जाती है। विशेष श्रृंगार में नीबू की माला और स्वर्ण श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दंतेश्वरी मंदिर के जसवंत सिंग ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12 बजे कपूर महाआरती होगी। इस दौरान संतान की चाह रखने वाले दंपति जोड़े विशेष कामना एवं मन्नत पूजा कर करेंगे। इस अवसर पर पंचमेवा का विशेष भोग मां के लिए तैयार किया गया है।*

समाज लाइव

## ईश्वर पर भरोसे का नाम ही राम सामान्य मानव की तरह जिया जीवन



**रायपुर।** आज के समय में हममें से ज्यादातर लोगों ने रामानंद सागर के धारावाहिक रामायण के तथ्यों को सत्य माना। रामायण के पात्र और संवाद को भी इसी के माध्यम से जाना। बहुत कम ही लोगों ने महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण पढ़ी है। डॉ. कमल वर्मा ने महाराष्ट्र मंडल के छत्रपत्रि शिवाजी महाराज सभागृह में चल रहे रामनवमी महोत्सव के दूसरे दिन कैकेयी के व्यक्तित्व पर चर्चा की। इसी तरह आंकाक्षा गद्रे ने प्रभु राम और सुमिता रायजादा ने गुरु वशिष्ठ तथा महर्षि विश्वामित्र पर अपने विचार रखे। डॉ. वर्मा ने कहा कि हम सभी ने माता कैकेई से क्रूर, स्वार्थी और निर्मम चरित्र को जाना है, लेकिन उनके जीवन का एक पहलू और था। जब राजा दशरथ ने अपने राजपाट को अपने बड़े पुत्र राम को सौंपने का विचार राजसभा में रखा।

### संघर्ष पथ पर चलकर ही मिलेगी सफलता

भगवान राम के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए आकांक्षा गद्रे ने कहा कि रामायण के मुख्य पात्र प्रभु श्रीराम ही है, लेकिन अन्य सभी पात्र का जीवन में भी कुछ न कुछ सिखाता है, जिसे अपने जीवन में आत्मसात कर हम अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से बाहर आ सकें। विपदा के समय खुद को संयमित रख सकें। आकांक्षा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन अनंत है, विशाल है। ईश्वर पर भरोसे का नाम ही राम है। इस अवतार में भगवान ने सामान्य मानव की तरह जीवन जिया। उनका संपूर्ण जीवन कर्तव्यों और संघर्षों से भरा है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें इस बात की सीख देता है कि जीवन में कई ऐसे क्षण आएंगे, जिसमें हमको काफी संघर्ष करना होगा। साथ ही संयम बनाए रखना होगा। धैर्य के साथ संघर्ष पथ पर चलकर हमें सफलता भी मिलेगी।

## ओड़िया सम्मेलन में एकजुट हुआ समाज, संबलपुरी नृत्य ने मोहा मन, ओडिशा राज्य के इतिहास को किया याद

**रायपुर।** उत्कल जागरण फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ के 30 लाख ओड़िया समुदाय को एक मंच पर लाने के अपने मिशन के तहत 'उत्कल दिवस' प्रदेश स्तरीय 'ओड़िया सम्मेलन' का आयोजन किया। इस सम्मेलन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों जैसे गरियाबंध, महासमुंद, सारंगड़, रायगढ़ और बस्तर के ओड़िया समुदाय ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सम्मेलन का उद्देश्य ओड़िया संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में विश्व विख्यात ओडिसी नृत्य और पारंपरिक संबलपुरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। ओड़िया समुदाय के खिलाड़ियों, बौद्धिक शख्सियतों, शिक्षाविदों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में ओड़िया समाज के पूर्वजों द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए एक श्रद्धांजलि गैलरी भी बनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव उदयनाथ बाबा और कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर संसद बृजमोहन अग्रवाल ने की। इस आयोजन में प्रभाकर पटनायक (संरक्षक), प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम महानंद, सचिव सुषमा पटनायक, भाग्यलता महाराणा, रोशनी प्रधान, सपना पटनायक, जिला संयोजक धर्मवीर बाघ, सोनू छत्री सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।



### सामाजिक एकता से होगा ओड़िया समाज का कायाकल्प

उत्कल दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रह रहे ओड़िया समाज के लोगों को सामाजिक एकता और संघर्ष का संदेश देते हुए सामाजिक नेता व अधिवक्ता भगवानू नायक ने सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा जैसी चुनौतियों से जूझ रहे समुदाय के उत्थान के लिए युवाओं से निस्वार्थ भाव से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा, समाज के सामने कई चुनौतियां हैं, छत्तीसगढ़ में लाखों ओड़िया परिवार गरीबी, रोजगार के अभाव और शैक्षिक पिछड़ेपन से संघर्ष कर रहे हैं।

### उत्कल दिवस पर बांटीं खुशियां



ओडिशा राज्य स्थापना दिवस को मंगलवार को उत्कल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। कहा कि यह दिवस केवल ओडिशा के गठन का उत्सव नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मगौरव और सांस्कृतिक एकता की प्रेरणा है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने बैरिस्टर मधुसूदन दास के योगदान को नमन करते कहा कि बैरिस्टर मधुसूदन दास जैसे दूरदर्शी और समर्पित व्यक्तित्व के संघर्षों के कारण ही 1 अप्रैल 1936 को ओडिशा राज्य का गठन हुआ। श्री मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सदियों से सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ को चढ़ने वाला भोग का चावल आज भी छत्तीसगढ़ से जाता है। विशेष रूप से देवभोग क्षेत्र का चावल, जो प्रभु के प्रसाद के रूप में उपयोग होता है, दोनों राज्यों के धार्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। महाप्रभु जगन्नाथ से प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना विधायक श्री मिश्रा ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ से छत्तीसगढ़वासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## एमपीएल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में आयोजित मैग्नेटो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का तीसरा दिन बेहद रोमांचक और यादगार रहा। मंगलवार को मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया।

पहला मुकाबला विस्तारा एग्री फूड और साई गैस के बीच खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंत में ललित ने शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला एएनएम एक्सेसकेल और वेदांता एंटरप्राइजेज के बीच हुआ। इस रोमांचक और कड़े मुकाबले में एएनएम एक्सेसकेल के खिलाड़ी सूर्यकांत ने अपनी जबरदस्त खेल क्षमता का परिचय देते हुए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया।

### मैचों का बढ़ रहा रोमांच

मैग्नेटो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के इस शानदार आयोजन में खिलाड़ियों का जोश और उत्साह रोजाना देखने को मिला। दर्शकों का भी भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे मैचों का रोमांच और भी बढ़ गया। आगामी मैचों के लिए खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, और वे अगले मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## आदिशक्ति शीतला माता मंदिर का इतिहास 400 वर्ष प्राचीन सालों पहले ग्रामीण डोकरी दाई के रूप में करते थे पूजा

### आमापारा चौक स्थित शीतला देवी मंदिर से जुड़े रहस्य



नवरात्रि विशेष

**रायपुर।** शहर के हर क्षेत्र में ऐतिहासिक देवी मंदिर स्थापित है, जहां मंदिरों का इतिहास और देवी माता की उत्पत्ति रहस्य से भरी हुई है। आमापारा चौक स्थित प्राचीन शीतला देवी मंदिर का इतिहास शहर के कम लोग ही जानते हैं। मंदिर में देवी की महत्ता जानने और दर्शनमात्र के लिए प्रदेशभर से श्रद्धालु नवरात्रि के पावन अवसर पर रोजाना पहुंच रहे हैं। मंदिर का इतिहास 400 वर्ष पुराना है, जब रायपुर शहर जंगलों में बसा एक गांव था। मंदिर के पुजारी राकेश पांडे ने बताया कि आदिशक्ति शीतला माता का मंदिर पूर्वज द्वारा निर्मित है, मंदिर का गर्भगृह 400 साल पुराना है, जिसमें आज भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्राचीन समय में मंदिर के पीछे आम बगीचा हुआ करता था, जहां मां स्वयं बुजुर्ग महिला के स्वरूप में आती थीं। श्वेत वस्त्र, हाथ में लाठी और सिर पर टोकरी लेकर माता आम बगीचे का भ्रमण करती थीं। मान्यता का अनुसार गांववालों के पीछा करने पर मां नीम पेड़ में समा गईं, जिसके बाद ग्रामीणों ने शीतला मां को डोकरी दाई के रूप में पूजना शुरू कर दिया। नीम पेड़ के नीचे मां की उत्पत्ति हुई, जो आज भी गर्भगृह में स्थापित है।

### संतान प्राप्ति के लिए चावल, दही शक्कर का भोग

मंदिर के महाराज राकेश पांडे ने बताया कि संतान की प्राप्ति के लिए विवाहित दंपतत चावल, दही, शक्कर का भोग मां को अर्पित करते हैं। मंदिर परिसर में नीम और गस्ती का 400 साल पुराना पेड़ मौजूद है। सालों पहले मंदिर परिसर में 2500-3000 की संख्या में सांग मौजूद थे, जो अब 200 में ही सिमट गए हैं। गर्मी के शुरू होते ही शीतला मां को रोजाना ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कराया जाता है, साथ ही शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए शीतल भोग अर्पित किया जाता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रोवर्स क्लब फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन एक मैच खेला गया। मशाल क्लब भिलाई एवं शेरा क्लब रायपुर के मध्य हुए मुकाबले में मशाल क्लब भिलाई की टीम ने 1- 0 जीत दर्ज कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के पाँचवे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच यूनिक क्लब चरोदा एवं रोवर्स क्लब भिलाई के मध्य खेला गया जिसमें रोवर्स क्लब ने 3-0 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अथिति रेल्वे इंस्टीट्यूट के सचिव बी डी प्रसाद एवं मिलाप साहू (अर्बन बैंक डयरेक्टर) थे।

### छत्तीसगढ़ की सॉफ्ट टेनिस टीम ने नेशनल में जीता कांस्य




**रायपुर।** 18 सब जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप लुधियाना पंजाब में 25 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने कांस्य पदक जीता छत्तीसगढ़ बालिका सॉफ्टटेनिस टीम को पहले मैच में पश्चिम बंगाल से वॉक ओवर मिला। दूसरे मैच मैच में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने हरियाणा को तीन एक से परास्त कर क्वाटर फाइनल में पहुंचीं। क्वाटर फाइनल में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने पिछले वर्ष की उपविजेता टीम उत्तर प्रदेश को दो एक से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम गुजरात से दो शून्य से परास्त होकर कांस्य पदक प्राप्त की। छत्तीसगढ़ सॉफ्टटेनिस के महासचिव प्रमोद ठाकुर ने बताया कि टीम में बरखा रानी गौड़,खुशबू बारेकर,विघा साहू ,अंजली सिन्हा ,राधिका पांडे , दिप्ती पोलाई, मिठी विश्वकर्मा शामिल थे। टीम के कांस्य पदक प्राप्त करने पर सॉफ्टटेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, रविशंकर धनगर, दिलीप विश्वकर्मा, संजय शुक्ला व. रीमा राय ने शुभकामनाएं दी है।

### सीनियर एलिट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक दौर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 01 से 04 अप्रैल श्रृंखला के पहले दिन 4 मैच खेले गये।



शशांक चंद्राकर 117 रन

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई पीछे**

ग्रुप ए का नौंवा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 51.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 157 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 47 नाबाद रन बनाये साथ ही सन्नी पांडे ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से आनंद राव तथा शुभम सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 23 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 102 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने नाबाद 60 रन तथा मयंक वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई 55 रनों से पीछे है।

### बच्चों के लिए बॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू




**रायपुर।** हटकेश्वर नाथ बॉलीबॉल संघ के द्वारा बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत मंगलवार को हुई। दो वर्ष से लगातार आयोजित इस शिविर का उद्घाटन संघ के संरक्षक मनोज वर्मा , अनुराग राठी, राजेंद्र मिश्रा , मंगलेश्वर सिंह, महेन्द्र औसर पार्षद और पंकज नायक ने किया। उद्घाटन के अवसर पर हटकेश्वर नाथ बॉलीबॉल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, सियान सदन के सदस्यगण, साथ ही साथ शिविर में भाग लेने वाले वाले बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शिविर 2 माह अप्रैल एवं मई तक चलेगा।

---

### खानपान में सुधार के साथ करना है मामूली सा बदलाव, दिखेगा परिणाम

# पाचन को मजबूत रखना चाहते हैं तो जान लीजिए 3 एफ फॉर्मूला, सेहत भी रहेगी बिल्कुल दुरुस्त

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, पाचन को ठीक रखना चाहते हैं तो सबसे जरूरी है कि आप खान-पान में सुधार कर लें। इसके अलावा आज से ही 3एफ फॉमूर्ले का पालन शुरू कर दें। आइए इसके बारे में जानते हैं। अगर आपका पाचन स्वास्थ्य ठीक है तो इसका मतलब है कि आप कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। हालांकि जिस तरह से लोगों की लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी बढ़ती जा रही है इसने पाचन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यही कारण है कि कब्ज-अपच से लेकर इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन को ठीक रखना चाहते हैं तो सबसे जरूरी है कि आप खान-पान में सुधार कर लें। ज्यादा तली-भुनी या एसिडिक चीजें आपके लिए कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर के 90 फीसदी हैप्पी हार्मोन्स भी पाचन तंत्र से ही बनते हैं, इसलिए अगर आपका पाचन ठीक नहीं है तो ये आपकी खुशियों को भी बाधित करने वाला हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, अगर आपको अपना पाचन स्वास्थ्य ठीक रखना है तो आज से ही 3F फॉमूर्ले का पालन शुरू कर दें। आइए इसके बारे में जानते हैं।



आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा बढ़ा लें। यह पाचन के लिए बेहद फायदेमंद है। फाइबर युक्त डाइट गट बैक्टीरिया के लिए पोषण का काम करती है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां और ताजे फल खाने से पाचन बेहतर होता है।

आहार में फर्मेंटेड फूड्स जैसे दही, कांजी, घर का बना अचार को जरूर शामिल करें। ये भी आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। इससे पाचन को सुधारने के साथ-साथ तनाव कम करने में मदद मिलती है। अच्छे पाचन स्वास्थ्य के लिए फास्टिंग भी जरूरी है। लगातार खाते रहने से पाचन तंत्र थक जाता है, अगर हम 12-14 घंटे बिना भोजन रहें (जैसे रात में जल्दी खाकर भोजन सुबह देर से करें) तो डाइजेशन अपने आप रिपेयर होता है। इसके अलावा हफ्ते में एक दिन व्रत करना भी पाचन को बूस्ट करने में मददगार हो सकता है।




### पाचन तंत्र ठीक तो पूरा शरीर स्वस्थ

हमारा पाचन तंत्र मूड से लेकर त्वचा पर भी असर डालता है। खान-पान को ठीक रखकर पाचन में सुधार किया जा सकता है। इसके लिए भोजन से पहले खूब सलाद खाने की आदत बनाएं।


फाइबर युक्त सलाद खाने से ब्लड शुगर स्पाइक्स कम होता है और इससे आपके पाचन को भी मदद मिलती है। खूब सलाद खाने से आपका पेट भर जाता है और शरीर के लिए जरूर पोषक तत्व भी मिलते हैं। पेट भरने से आप भोजन में वो चीजें कम खाते हैं जिनमें कार्ब्स की अधिकता होती है।

### व्यायाम की बनाइए आदत

पाचन को ठीक रखने के लिए आहार में सुधार के साथ-साथ नियमित रूप से व्यायाम को भी दिनचर्या का हिस्सा बनाना भी बहुत जरूरी है। दैनिक व्यायाम आंत की गतिशीलता को बढ़ावा देकर, आंतों में स्वस्थ माइक्रोबायोम को बढ़ावा देते हैं। व्यायाम से पाचन तंत्र की मांसपेशियां भी उत्तेजित होती है, जिससे पाचन बेहतर होता है। यह कब्ज को दूर करने, सूजन कम करने में भी आपके लिए लाभकारी है।



---



## नवरात्रि के मौके पर महिलाओं से करें कुछ वादे

अगर आप देवी मां की उपासना करते हैं तो पूजा या व्रत के साथ आपको कुछ संकल्प लेने चाहिए। ये संकल्प महिलाओं को समाज में सम्मान, समानता दिलाने के साथ ही सशक्त बनाने में असरदार हैं। इस नवरात्रि महिलाओं से ये वादें करें। नवरात्रि नवदुर्गा को समर्पित पर्व है, जो सिर्फ देवी मां की पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि ये नारी शक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा का प्रतीक भी है। इस पावन पर्व के अवसर पर कन्या पूजन तो करें हीं, साथ ही समाज में महिलाओं की स्थिति को और सशक्त बनाने के लिए कुछ संकल्प भी ले सकते हैं। नवरात्रि का पर्व इन संकल्पों को अपनाने का है, जो देवी की आराधना को तो सार्थक बनाएगा ही साथ ही सशक्त और समान समाज की नींव भी रखेगा। अगर आप देवी मां की उपासना करते हैं तो पूजा या व्रत के साथ आपको कुछ संकल्प लेने चाहिए। ये संकल्प महिलाओं को समाज में सम्मान, समानता दिलाने के साथ ही सशक्त बनाने में असरदार हैं। इस नवरात्रि महिलाओं से ये सात वादें करें।

### सम्मान का वादा

हर महिला को घर, कार्यस्थल और समाज में पूरा सम्मान मिले। उनके विचारों और भावनाओं की कद्र करें और उन्हें बराबरी का स्थान दें।

### सुरक्षा का वादा

महिलाओं की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। यह वादा करें कि हम न केवल उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे बल्कि जरूरत पड़ने पर उनके लिए आवाज भी उठाएंगे।

### सहयोग का वादा



घर और बाहर महिलाओं के साथ बराबरी से काम करें। घर के कार्यों को सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि उनके साथ मिलकर हर काम में सहयोग करें।

### आत्मनिर्भरता का वादा

महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करें। बेटियों को भी बेटों के समान अवसर दें ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### स्वास्थ्य और देखभाल का वादा

महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उनके खान-पान, मानसिक और शारीरिक सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। समय-समय पर मेडिकल चेकअप करवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

### निर्णय लेने की स्वतंत्रता का वादा

हर महिला को अपने जीवन के फैसले लेने की आजादी होनी चाहिए। यह वादा करें कि हम उनके निर्णयों का सम्मान करेंगे और उन्हें सपोर्ट करेंगे।

---

## क्या है ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम? हार्ट अटैक जैसे होते हैं लक्षण

हृदय रोगों की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं, बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों के बारे में तो हम सभी अक्सर सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानते हैं? हाल के वर्षों में युवाओं में ये दिक्कत काफी तेजी से बढ़ी है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम भी क्या हृदय से संबंधित कोई दिक्कत है या फिर कुछ और, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम आमतौर पर तनावपूर्ण स्थितियों और भावनाओं के उतार-चढ़ाव के कारण होती है। इसमें लोगों को अचानक सीने में दर्द हो सकता है या ऐसा लगता है जैसे हार्ट अटैक हुआ है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को स्ट्रेस कार्डियोमायोपैथी या ताकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी के नाम से भी जाना जाता है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम क्यों होता है अब तक इसके सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि माना जाता है कि कुछ स्थितियां जिनके कारण आपको गंभीर रूप से



भावनात्मक क्षति होती है वे इसे बढ़ाने वाली हो सकती हैं। उदाहरण के लिए तलाक, कार दुर्घटना या नौकरी छूटने जैसी तनावपूर्ण घटनाएं इसका कारण बन सकती हैं।

## चैत्र नवरात्रि पर रुद्राक्ष धारण करने के जानिए नियम

नवरात्रि के पावन समय में रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह केवल एक धार्मिक गहना नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक सशक्त स्त्रोत है। खासतौर पर नौ मुखी रुद्राक्ष को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है, जिससे यह नवरात्रि के दौरान और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।नवरात्र इस बार 30 मार्च, रविवार से 7 अप्रैल, सोमवार तक है। इस पावन समय में रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह केवल एक धार्मिक गहना नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक सशक्त स्त्रोत है। खासतौर पर नौ मुखी रुद्राक्ष को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है, जिससे यह नवरात्रि के दौरान और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। इसे धारण करने से मानसिक और शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।



---

## मसल्स वाली बॉडी बनाने में काम आ सकती हैं कुछ तरकीबें, आजमाकर उठा सकते हैं फायदा

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष मसल्स्स ग्रोथ बढ़ाने में हां कहेंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं।

ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है



### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग



मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। आइए जानते हैं पूरी खबर। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरु हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।

पुराने सुपरहीरो के अलावा और भी कई दिग्गज सुपरहीरो इस फिल्म में नजर आएंगे। इनमें से कई कलाकार पहली बार एमसीयू के साथ काम करते दिखेंगे।वो सुपरहीरोज हैं वैनेसा किर्बी, जो आगामी जुलाई में 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' में इनविजिबल वूमन सू स्टॉर्म की भूमिका निभाने वाली हैं, अब वह इस फिल्म के लिए भी तैयार हैं। रीड रिचर्ड्स के रूप में पेड्रो पास्कल भी एवेंजर्स में शामिल होंगे। साथ ही एबन मॉस-बैचराच , जोसेफ क्विन भी नजर आएंगे। मार्वल की आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट' के भी कलाकार भी इस फिल्म में नजर आएंगे। 'एक्स मैन' सीरीज के कई किरदार भी इस फिल्म में शामिल होंगे।

### टॉलीवुड

## विवाद के बाद फिर से सेंसर की गई 'एल 2 एम्पुरान', सीन पर चली कैंची



रिलीज के बाद एल 2 एम्पुरान के बहुत से सीन पर कई संगठनों ने आपत्ति जताई थी। अब फिल्म के निर्माताओं ने स्वेच्छा से फिल्म को फिर से सेंसर कराया है। मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुचर्चित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' रिलीज होते ही विवादों के फंस गई। इस पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म को लेकर देशभर के कई धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जताई। उनका कहना है कि फिल्म में कुछ वास्तविक घटनाओं और किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है।

विवाद बढ़ने के बाद फिल्म की टीम ने खुद आगे आकर दोबारा सेंसर कराने का फैसला किया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 24 कट्स लगाने का सुझाव दिया, जिससे करीब 2 मिनट का स्क्रीन टाइम कम हो जाएगा। इन कट्स में सभी विवादित सीन, संकेत और यहां तक कि मलयालम अभिनेता और केरल से बीजेपी के इकलौते सांसद सुरेश गोपी को दिया गया थैंक्स कार्ड भी शामिल है। नई सेंसर वाली फिल्म कल या परसों से देशभर के सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। 'एल 2 एम्पुरान' साल 2019 की सुपरहिट फिल्म लूसिफर का सीक्वल है, जिसमें मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पहले भाग के साथ दूसरे भाग का भी निर्देशन पृथ्वीराज ने किया है। इस हाई-बजट एक्शन फिल्म में मनोज वारियर, टोविनो थॉमस, सूरज वेंजारमूडु और अभिमन्यु सिंह जैसे सितारों ने अहम किरदार निभाए हैं। विवादों के बावजूद 'एल 2 एम्पुरान' ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। फिल्म ने भारत में अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं किया है। पांच दिनों में यह फिल्म महज 70.15 करोड़ का कलेक्शन कर सकी है।

### भोजपुरी

## अक्षरा को नहीं लोगों की परवाह, लिखा- 'एक ही जिंदगी है, खुलकर जियो'



भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। यहां वे अक्सर अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी बातें शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है। अक्सर कोई काम करते वक्त लोग चार लोगों का ख्याल रखते हैं। चार लोग यानी समाज। सामान्य लोग नहीं, बल्कि फिल्मी हस्तियों को भी इस बात की चिंता सताती है कि चार लोग क्या कहेंगे? मगर, अक्षरा सिंह अब इससे आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है, जो दूसरों के भी काम आ सकता है। अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं। अक्षरा सिंह ने वीडियो शेयर किया है। ब्लू कलर के आउटफिट में वे काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। काला चश्मा चढ़ाते हुए वे तेवर दिखा रही हैं। वीडियो में लिखा है, 'चार लोग क्या कहेंगे अब उससे डर नहीं लगता, डर तो ये है कि उन चार लोगों को मैं कुछ न कह दूं'। इसके साथ अक्षरा ने कैप्शन लिखा है, 'क्या बोलती पब्लिक? एक ही जिंदगी है खुल के जियो और जीने दो'। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स के रिएक्शन नजर आ रहे हैं और अभिनेत्री का यह जीवन मंत्र सभी को काम का लग रहा है। अधिकांश यूजर्स ने अक्षरा की बात पर सहमति जताई है। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री में वाइल्ड फायर हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खुलकर जियो और दूसरों को भी कुछ न बोलो, तब भी लोग जीने नहीं देते हैं।

### लाइफ स्टाइल



छोटे कपड़ों में स्टाइल

मशहूर मॉडल्स डायर, फेंडी, क्रेग ग्रीन और प्रादा की इस तस्वीर को देखकर खयाल तो यही आएगा कि इन्होंने अपने कपड़े इतने छोटे कर लिए हैं। दरअसल, वसंत/गर्मियों 2025 के लिए यह टैगलाइन हो सकती है। एक ऐसा मौसम जिसमें मिलान और पेरिस के डिज़ाइनरों ने बहुत छोटे टॉप को और भी छोटे बॉटम के साथ जोड़ा है। यह एक प्रयोग है, जो लोगों को पसंद आ रहा है।

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगी तो आपका लुक अजीब दिखेगा। शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। जिस तरह से मौसम के हिसाब से कपड़े बदले जाते हैं, ठीक उसी तरह से मौसम के हिसाब से मेकअप करने के तरीके में भी बदलाव होता है।

अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

**हैवी बेस की जरूरत नहीं :** यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

**स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें :** यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

**डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें :** अब ब्लश का इस्तेमाल करते



समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

**लाइनर से रहें दूर :** अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

## अपनाइए सिंपल फैशन हैक्स, जिनसे सामने वाला आसानी से हो जाएगा इम्प्रेस





जब बात दूसरों पर इम्प्रेशन क्रिएट करने की होती है तो ज्यादातर लोग महंगी चीजें ले आते हैं। जूतों से लेकर घड़ी तक में वे ब्रांड दिखाना चाहते हैं। लेकिन क्या कभी आपने नोटिस किया है कि बहुत से लोग ज्यादा महंगे कपड़े न पहनकर भी सामने वाले पर अलग छाप छोड़ जाते हैं। फिर चाहे वो इंटरव्यू हो, कोई स्पेशल मीटिंग या पार्टी। उनकी पर्सनैलिटी देखते ही लोग उन्हें ज्यादा तवज्जो देते हैं। इसके पीछे छिपे हैं कुछ क्लॉथिंग हैक्स। अच्छा दिखने के लिए अच्छे कपड़े और एसेसरीज होना बेहद जरूरी है। आपकी पर्सनैलिटी दूसरों से हटकर दिखे इसके लिए कपड़ों की फिटिंग मायने रखती है। ज्यादातर लड़के अनजाने में ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं] जो उन पर सूट नहीं करते। इसकी वजह से उनका इम्प्रेशन डाउन हो जाता है।

अक्सर लड़के ट्राउजर जींस या चिनोज खरीदते समय उसकी वेस्ट और लेंथ पर तो ध्यान देते हैं। लेकिन कभी पॉकेट का डिजाइन नहीं देखते। मगर क्या आपको पता है एक अच्छी पेंट की फिटिंग उसकी पॉकेट पर निर्भर करती है। बेहतर लुक के लिए वेस्टर्न पॉकेट को सबसे अच्छा माना जाता है। यह ज्यादातर जींस और चिनॉज में देखने को मिलते हैं। इन्हें हॉरिजॉन्टल पॉकेट के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा फ्रंट पॉकेट भी अच्छी मानी जाती हैं ये जींस में होती हैं।

### शोल्डर फिटिंग को न करें नजरअंदाज

आपने अक्सर देखा होगा बॉलीवुड एक्टर, बड़े बिजनेसमैन या पैसे वाले लोग अच्छी फिटिंग की शर्ट या टीशर्ट पहनते हैं। इससे उनका लुक ज्यादा अच्छा आता है। इसलिए अपर बॉडी के कपड़े लेते समय शोल्डर की फिटिंग को कभी नजरअंदाज न करें।

झूलते हुए कंधे वाली टी-शर्ट या स्वेटर आपका इम्प्रेशन डाउन कर सकते हैं। इसलिए पोलो शर्ट या टी-शर्ट पहनने पर इसका खास ध्यान दें। इसके अलावा लोग अक्सर स्वेटर्स हैंगर पर टांगकर रखते हैं, ऐसा बिल्कुल न करें। क्योंकि बुनाई वाले गर्म कपड़े हैंगर पर टांगने से उनकी फिटिंग खराब हो जाती है।

## नहीं रुक रहा हेयर फॉल तो इस्तेमाल करें जड़ी बूटियों से बना शैंपू

आज के समय में लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ी हुई है, कि उसकी वजह से लोगों की त्वचा और बालों पर काफी प्रभाव पड़ने लगा है। चेहरे का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन अक्सर वो बालों पर ध्यान रखना भूल जाते हैं। अगर आप भी बालों का ध्यान नहीं रखते तो हेयर फॉल की समस्या से आप परेशान जरूर होंगे। इस हेयर फॉल को रोकने के लिए लोग महंगे-महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ता। ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बिना केमिकल वाला शैंपू इस्तेमाल करने का आसान तरीका बताएंगे। इस शैंपू के इस्तेमाल से आपकी कई समस्याएं दूर होंगी। आइए आपको यहां हम घर पर ही शैंपू बनाना बताते हैं, ताकि आप भी इसका इस्तेमाल करके बालों का झड़ना रोक सकें।

### बिना केमिकल के शैंपू तैयार करने का सामान

बिना केमिकल वाले शैंपू को बनाने के लिए सबसे पहले रीठा, शिकाकाई, आंवला, मेथी दाना, नीम पत्तियां, ब्राह्मी और भृंगराज जैसी जड़ी-बूटियों को रातभर पानी में भिगो दें।



इसे आप एक साथ भी उबाल सकते हैं, ताकि इसका पानी एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए। रातभर सभी चीजों को भीगने के बाद अगले दिन सुबह के समय इसे धीमी आंच पर उबालें। इसे सही से उबलने में तकरीबन 20 मिनट का समय लगेगा। जब ये सही से उबल जाए इसे ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। ठंडा होने पर इस मिश्रण को छान लें और एक बोतल में भरकर रख लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार आसानी से कर सकते हैं। इस शैंपू के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि ये आपको लाभ पहुंचाए।

अब आपको इस शैंपू के फायदों के बारे में बताते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की जड़ें मजबूत हो सकती हैं।

## ब्लैकहेड्स हटाने करते हैं पोर स्ट्रिप्स का इस्तेमाल तो जान लें इसके नुकसान

पोर सट्रिप्स से ब्लैकहेड्स हटाना जितना आसान है, उतना ही ये त्वचा के लिए नुकसानदायक है। यहां हम आपको पोर सट्रिप्स से होने वाले नुकसानों और इसे इस्तेमाल करते वक्त जिन सावधानियों को बरतना चाहिए, उस बारे में बताने जा रहे हैं।

### कैसे होता है इस्तेमाल ?

इसके नुकसान जानने से पहले ये जान लें कि आखिर इन पोर सट्रिप्स को इस्तेमाल कैसे किया जाता है। ये पोर सट्रिप्स देखने में प्लास्टिक या फिर सूती कपड़े के जैसी ही होती हैं, जिसके एक तरफ काफी चिपचिपा पदार्थ लगा होता है। इस सट्रिप को ब्लैकहेड की साइड चिपकाकर थोड़ा सा प्रेस करें। जब ये पूरी तरह से चिपक जाए तो झटके से इसे स्किन से छुटा लें। इसे वैक्स सट्रिप की तरह ही हटाया जाता है। जिसकी वजह से ब्लैकहेड्स स्किन से उखड़कर इन सट्रिप्स पर चिपक जाते हैं।

### अब इसके नुकसान जान लेते हैं -

**रोम छिद्र हो जाते हैं बड़े:** पोर सट्रिप्स के



इस्तेमाल से त्वचा के रोम छिद्र काफी ज्यादा खुल जाते हैं, जिस कारण आपकी त्वचा अजीब दिख सकती है। पोर्स के ज्यादा खुला रहने की वजह से त्वचा की सतह पर गंदगी जमने लगती है जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बन सकती है।

**त्वचा हो सकती है डिहाइड्रेटेड :** यदि आप ज्यादा पोर सट्रिप्स का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपके चेहरे की नमी कम होने लगेगी। कई बार तो इस कारण से ही त्वचा डिहाइड्रेटेड होने लगती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में आपको इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

### वक्त के साथ बदलते फैशन को अपनाइए

## जानिए बेल बॉटम जींस को स्टाइल करने के बेस्ट तरीके, जिनकी वजह से आप दिखेंगी सबसे अलग

यदि आपने बेल बॉटम जींस खरीदी है लेकिन ये समझ नहीं आ रहा कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो हम आपकी इसमें मदद करेंगे। वैसे को कहावत है कि समय के साथ फैशन बदलता रहता है लेकिन एक और कहावत है कि इतिहास खुद को एक बार अवश्य दोहराता है। यही वजह है कि कुछ-कुछ समय बीतने के बाद पुराने ट्रेंड दोबारा से चलन में आ जाते हैं। आज के समय में कई आउटफिट ऐसे हैं, जो काफी पहले कैरी किए जाते थे, लेकिन अब एक बार फिर से लोगों के सिर चढ़कर उनका क्रेज बोल रहा है। बेल बॉटम जींस आजकल पुरुषों से लेकर महिलाओं तक को काफी पसंद आ रही है। पुरुषों के लिए इसे स्टाइल करना आसान होता है, लेकिन जब बात आती है महिलाओं की तो वो इसको लेकर काफी संशय में रहती हैं।



### टैंक टॉप के साथ

आज-कल महिलाओं को टैंक टॉप्स काफी पसंद आती हैं। ये टाइट फिटिंग की होती हैं और इसे किसी भी तरह की जींस के साथ कैरी किया जाता है। लेकिन यदि आप इसे बेल बॉटम जींस के साथ पहनेंगी तो आपका अंदाज सबसे अलग लगेगा। ये आपको बोल्ड दिखने में भी मदद करेगा। खासतौर पर यदि आप ग्लैमरस लुक कैरी करना चाहती हैं तो टैंक टॉप के साथ बेल बॉटम पहनें।

### जैकेट के साथ

बहुत सी लड़कियां और महिलाएं टैंक टॉप में खुद सहज नहीं हो पातीं, ऐसे में आप टैंक टॉप के ऊपर जैकेट कैरी कर सकती हैं। अब जब गर्मी का मौसम है तो आप इसके साथ कॉटन की जैकेट कैरी कर सकती हैं। नहीं तो डेनिम जैकेट भी आपके लुक को क्लासी दिखने में मदद करेगी।



### सेमी-टैंक टॉप के साथ

सेमी टैंक टॉप आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी। इसे आप आप अपने दफ्तर भी कैरी करके जा सकती हैं। सेमी-टैंक टॉप के साथ बेल बॉटम जींस आपको कूल लुक देने में मदद करेगी। इसलिए चाहें तो सेमी-टैंक टॉप के साथ इसे कैरी करें।

### नॉर्मल टी -शर्ट के साथ

यदि आपके पास टैंक टॉप या फिर जैकेट नहीं है तो आप बेल बॉटम जींस को साधारण सी टी शर्ट के साथ भी कैरी कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि बेल बॉटम जींस के साथ हमेशा स्किनी फिट वाली टॉप ही अच्छी लगेगी। ऐसे में बस अपनी जींस के हिसाब से सही रंग की टीशर्ट का चयन करें और उसे पहनकर जलवा बिखेरें। बेल बॉटम जींस को स्टाइल करते समय ध्यान रखें कि आप इसे ओवर साइज टी-शर्ट या टॉप के साथ नहीं पहन सकते। ओवर साइज अपर वियर आपके लुक को खराब कर देगा।